हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 3 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

10 यादव समाज अपनी संस्कृति को संभालकर रखाः गजेंद्र



11 पाटन जनपद में भाजपा को सदस्यों का मिल रहा समर्थन





## खबर संक्षेप

### कार चालक ने बुलेट सवार को ठोका

**भिलाई।** गैरेज रोड पर तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने बुलेट चालक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में युवक का पैर टूट गया है। सूचना पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कार को जब्त किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया क बुलेट सीजी 07 सीएल 6347 रविवार को गैराज रोड पर अंडर ब्रिज के पहले से निकल रहा था।इस दौरान तेज रफ्तार कार आई और जोरदार ठोकर मार दिया। हादसे में युवक को गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### राशन दुकान से पीडीएस चावल पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** राशन दुकान से चॉवल पार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ई),331 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 12 सुपेला निवासी ईश्वर सिंह ग्राम पिटौरा मे जय महिला स्व. समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान मे सेल्समेन का काम करता है। भिलाई से प्रतिदिन आना जाना करता है। 26 जनवरी को 485 कट्टा पीडीएस चांवल राशन दुकान में आया था। जिसमे से 28 जनवरी तक 20 कट्टा चांवल वितरण कर शाम को दुकान बंद कर घर भिलाई लौट गया।4 फरवरी को शासकीय उचित मूल्य की दुकान पिटौरा पहुंचने पर दुकान का ताला टूटा पड़ा मिला। भीतर जाकर देखने पर पीडीएस चांवल का स्टाक मिलाने पर 40 कट्टा चांवल गायब मिला। जय महिला स्वः समूह शासकीय उचित मूल्य की दुकान अध्यक्ष द्रौपती बाई महिंलांगे और समूह के सदस्यों को सूचना देकर आसपास खोजबीन किया गया।

### मकान से जेवरात पार

**भिलाई।** मकान के आलमारी से सोना चांदी के जेवरात पार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4),305 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज की गई है। सुपेला पुलिस ने बताया कि खम्हरिया भाठा वार्ड 1 निवासी सुरभि पटेल प्राइवेट काम करती है। मकान के आलामरी में सोने चांदी के जेवरात रखी हुई थी। मकान का ताल तोड़कर जेवरात को पार कर दिया। घटना 29 दिसंबर 24 की सुबह आलमारी को खोल कर देखने पर गायब मिला। सोने के जेवरात पुरानी 33 हजार रुपए आंकी गई।

---

विंडबना: तीन दिन में ही 7 हजार 444 ऑनलाइन आवेदन जमा

# आरटीई की पांच सालों में घटी 44173 सीटें निजी स्कूलों में इस बार 10495 सीटें कम

देवीलाल साहू ▸▸| भिलाई





गरीब वर्ग के बच्चों को नि.शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के तहत निजी स्कूलों में दाखिला दिलाने के लिए राज्य ने आरटीई पोर्टल खोल दिया है। हैरत की बात यह है कि पिछले पांच सालों से प्रदेशभर के निजी स्कूलों में आरटीई की सीटें लगातार कम की जा रही है। इस बार पिछले साल की अपेक्षा 10 हजार 495 सीटें कम कर दी गई है। दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, बालोद, राजनांदगांव, बेमेतरा सहित कई जिलों में आरटीई की सीटें घटा दी गई है। सीटें घटने की वजह निर्धारित सीटें खाली रह जाने को बताई जा रही है।

### पांच सालों में 45 प्रतिशत सीटें घटी

आरटीई की सीटें बड़ी तेजी से घटाई जा रही है। पिछले पांच सालों में प्रदेशभर के निजी स्कूलों की 45 प्रतिशत सीटें घट गई है। वर्ष 2021-22 में प्रदेशभर के निजी स्कूलों में आरटीई की सीटे 83 हजार 6 थी। जो वर्ष 2025-26 शैक्षणिक सत्र यानी इस साल 44 हजार 173 हो गई है। इस तरह 38 हजार 883 सीटें घट गई है। वर्ष 2022-23 में 2 हजार 157 सीटें कम की गई। वर्ष 2023-24 में सबसे ज्यादा 25 हजार 583 और वर्ष 2024-25 में 598 और वर्ष 2025-26 में 10 हजार 495 सीटें घटी है। प्रदेशभर में 6 हजार 746 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत बीपीएल वर्ग के बच्चों का दाखिला होता है।

### दुर्ग में 479, नादगांव में 1038 सीटें हुई कम

राज्य ने इस बार आरटीई की घटी हुई सीटें जिलों को आबंटित की है। दुर्ग जिले में वर्ष 2025-26 में प्रवेश के लिए 3 हजार 819 सीटें आबंटित की गई है। पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 में यह सीटें 4 हजार 298 थी। यानी इस साल के लिए 479 सीटें घटा दी गई है। सबसे ज्यादा दुर्ग शिक्षा संभाग के राजनांदगांव जिले में सीटें घटा दी गई है। यहां 1 हजार 38 सीटें घट गई है। इस जिले को महज 633 सीटें आबंटित की गई है। जबकि पिछले साल 1671 सीटें थी। रायपुर जिले में 4 हजार 519 सीटें दी गई है। पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 में 5 हजार 160सीटें थी। इस तरह यहां सीटें कम कर दी गई है। बिलासपुर जिले में 4 हजार 274 सीटें दी गई है। पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 में यहां 4 हजार 743 सीटें थी। यानी 469 सीटें कम कर दी। बालोद जिले में 1084 सीटें आबंटित की गई है। पिछले साल 1609 सीटें थी। यहां 525 सीटें घटा दी गई है।

### तीन दिन में आए 7444 आवेदन

आरटीई पोर्टल एक मार्च से शुरू किया गया है। इस पोर्टल में तीन मार्च तक 7444 ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। अकेले दुर्ग जिले के लिए 50 से ज्यादा आवेदन जमा हुए हैं। दुर्ग जिले सहित प्रदेशभर के निजी स्कूलों की सीटों में से 25 प्रतिशत सीटें आरटीई के तहत आरक्षित की गई है। बीपीएल वर्ग परिवार के बच्चों को निवास के अपने एक किलोमीटर के दायरे में आने वाले निजी स्कूलों में दाखिले के लिए आवेदन करना है।

**इस तरह पांच सालों से घट रही आरटीई की सीटें**

| वर्ष | आबंटित सीटें | घटी सीटें |
|---|---|---|
| 2021-22 | 83006 | 00000 |
| 2022-23 | 80849 | 2157 |
| 2023-24 | 55266 | 25583 |
| 2024-25 | 54668 | 598 |
| 2025-26 | 44173 | 10495 |

**दुर्ग जिले में पांच सालों में ऐसी घटी सीटें**

| वर्ष | आबंटित सीटें | घटी सीटें |
|---|---|---|
| 2021-22 | 6744 | 00000 |
| 2022-23 | 5720 | 1024 |
| 2023-24 | 4591 | 1129 |
| 2024-25 | 4298 | 293 |
| 2025-26 | 3819 | 479 |

### पिछले साल आरटीई में 46 हजार 217 सीटों पर हुआ बच्चों का दाखिला

प्रदेश स्तर पर वर्ष 2024-25 यानी पिछले शैक्षणिक सत्र में कुल 54 हजार 668 सीटें आबंटित की गई थी। इन सीटों के विरूद्ध 46 हजार 217 सीटों में विद्यार्थियों को प्रवेश मिला। दुर्ग जिले में 3477, रायपुर जिले में 4470, बिलासपुर जिले में 4024,राजनांदगांव में 1426, बेमेतरा जिले में 1063,बालोद जिले में 1305,जांजगीर चांपा में3542, कोरबा जिले में 1960, बलौदाबाजार जिले में1799, रायगढ़ जिले में 1851, कर्वधा जिला 1419, मुंगेली जिले में 1883 सीटों पर दाखिला मिला।

---

भिलाई नगर पुलिस कर रही है जांच

# डिजिटल मार्केटिंग का झांसा देकर 1.69 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

ऑनलाइन जॉब का झांसा देकर ठगी करने वाले अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारकों के खिलाफ धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि क्वार्टर नंबर 2 ए सड़क 19/ए सेक्टर 5 निवासी आदित्य शिवम है। ऑनलाईन होटल, रेस्टारेंट को गूगल पर रेटिंग का झांसा देकर पार्ट टाईम जॉब करवाने के नाम पर पीड़ित से 1 लाख 69 हजार 700 रुपये की ठगी की गई। 12 दिसंबर 2024 को दिव्या शर्मा नामक व्यक्ति ने अपने मोबाइल के वाट्सअप के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग का झांसा देकर ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब करने को कहा गया। इस दौरान ज्वाइन के समय दुनिया के सारे बड़े होटल, रेस्टोरेंट के गूगल वेबसाइट में लाइक और अंग्रेजी अक्षरों में कमेंट करने को कहा गया। लिंक भेज कर प्रति घंटा 20 से 24 रेस्टोरेंट पर ऑनलाइन लाइक कमेंट करने पर 3500 रुपए देने की जानकारी पीड़ित को दी गई। पीड़ित का खाता नंबर भी मांगा गया। पीड़ित ने लालच में आकर अज्ञात को सेक्टर 4 एसबीआई का खात, पंजाब नेशनल बैंक रिसाली का बैंक, बैंक ऑफ़ बडोदा सिविक सेंटर का खाता नंबर उन्हे उपलब्ध कराया गया। फिर पीड़ित को टेलीग्राम में लिंक भेज कर अंजली शर्मा ने काम करने को कहा। दो बार उनके पीड़ित के खाते में 1000 और 2000 रुपए डाले गए। तीन से चार बार अपना काम पूरा करने पर अंजली शर्मा ने विहान कबीर का मैसेज कर उनके द्वारा दिए गए काम को करने कहा गया। कॉइन स्विच नाम के एप्लीकेशन का लिंक भेजकर लॉगिन करने को कहां गया। लॉगिन करने के बाद टास्क दिया गया। पीड़ित अपने खाते से विभिन्न समय पर कुल 1,69,700 रुपये आरोपियों द्वारा आनलाईन ठगी किया गया।

---

वैशालीनगर पुलिस कर रही है जांच

# मुनाफा के लालच में 5.70 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

■ अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज

मुनाफे के लालच में लाखो रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि सूर्या अपार्टमेंट माडल टाउन जुनवानी निवासी प्रमोद कुमार संगल को 22 अप्रैल 2024 को उसके मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाली सुनीता सिंह थी, वह कंपनी जंबी रिसर्च इंस्ट्यूट कर्मी होना बताया था। कंपनी में पैसा इंवेस्ट करने के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच दिया। इसके अलावा कंपनी प्रॉफिट की 20 प्रतिशत कमीशन लेने की भी बात पीड़ित को बताई गई थी। प्रमोद ने महिला के झांसे में आकर अपने यूको बैंक खाते से 50 हजार रुपए सुनीता के बताए गए खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया। फिर 23 अप्रैल 2024 को यूको बैंक भिलाई ब्रांच से 50 हजार रुपए, फिर 4 लाख, 50 हजार और 20 हजार समेत कुल 5 लाख 70 हजार रुपए ट्रांसफर किया। प्रमोद ने पुलिस को बताया कि जब उसने 50 हजार रुपए ऑनलाइन जंबी रिसर्च इंस्ट्यूट कंपनी को दिया तो अगले दिन उसने प्रॉफिट समेत रिटर्न मांगा। कंपनी ने पीड़ित से कहा कि खाते में रिटर्न समेत पैसा दिख रहा है, लेकिन उसके विड्रा के लिए लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया गया। कंपनी वालों के कहने पर धीरे धीरे 5.70 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिया।

---

# उद्यानों में ड्यूटी लगाई तो नहीं गए एक कर्मी निलंबित, दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



■ भिलाई निगम आयुक्त ने 42 कर्मचारियों का कार्य स्थल बदला

भिलाई निगम आयुक्त राजेश पांडेय की सख्ती से काम से बचने बहाने वाले कर्मचारी खासे परेशान हैं। दो दिन पहले ही आयुक्त ने मुख्य व जोन कार्यालयों से 42 कर्मचारियों का कार्य स्थल बदला। इन कर्मचारियों की ड्यूटी उद्यानों में लगाई लेकिन केवल 30 कर्मचारी ही काम पर आए। तबियत खराब होने का बहाना करने वाले कर्मचारियों पर निगम फीडबैक लेकर कार्रवाई कर रही है। कुछ कर्मचारियों को विभागीय आवश्यकता को देखते हुए उनके उच्च अधिकारी द्वारा विभाग में ही रहने की मांग की गई थी। उनको रोका गया है। चेतन ताम्रकार सफाई कर्मचारी को अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने उच्च अधिकारी के साथ अभद्रता करने, आदेश को नहीं मानने, उपस्थिति दर्ज करकर कार्य नहीं करने, आदि की लापरवाही पाई गई। उसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियम तीन के विरुद्ध पाते हुए सेवा से निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही बिंदा बाई एवं ललिता बाई सफाई कामगार को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। वह भी जांच करने के दौरान अपने कार्य पर अनुपस्थित पाई गई। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि समय अवधि में सब अपने दायित्व का निर्वहन करें।

---

दुर्ग कोतवाली पुलिस कर रही मामले की जांच

# महमरा एनीकेट में तैरती मिली शव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

■ पार्षद का चचेरा भाई मृतक

महमरा एनीकेट में एक युवक की लाश तैरती पाई गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि एनीकेट में लाश मिलने की सूचना पर टीम पहुंची थी। गोताखोर और पुलिस की मदद से लाश को बाहर निकाला गया। पतासाजी करने मैथिलपारा दुर्ग निवासी शुभम महोबिया के रुप में शिनाख्त हुई है। शुभम की मौत को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक युवक पार्षद जीतू महोबिया का चचेरा भाई है। बीती रात से युवक लापता था। परिजनों ने आसपास खोजबीन करने पर उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया था।

### बीएसपी डीजीएम से मारपीट, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** वाहन पार्किंग को लेकर डीजीएम से मारपीट करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115(2), 296 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि तालपुरी बी ब्लाक कालोनी निवासी प्रफुल्ल फालके बीएसपी में डीजीएम के पद पर पदस्थ है। शनिवार रात शनिचरी मार्केट रुआबांधा में सब्जी खरीदने के लिए स्कूटी लेकर पहुंचा। डीजीएम ने अपनी स्कूटी को रेलिंग के पास पार्क कर दिया। जिसे लेकर एक पान ठेले वाला वाहन को खड़ी करने को लेकर विरोध करने लगा। स्कूटी को वहां से हटाकर रेलिंग के भीतर पान ठेले वाले ने खड़ा कर दिया। लेकिन पानठेले वाला रेलिंग के भीतर भी स्कूटी खड़ी करने को लेकर विरोध करने लगा था। डीजीएम के पास आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते आरोपी पानठेले वाले ने हाथापाई शुरू कर दी। घटना में डीजीएम के बाए हाथ की ऊंगली टूट गई।

---

# नशे का कारोबारी और मेडिकल संचालक गिरफ्तार, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



■ एंटी क्राइम और मोहन नगर पुलिस की कार्रवाई

नशे को लेकर पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करती आ रही है। नशे का बड़ा कारोबार मेडिकल संचालक समेत दो युवक मिलकर कर रहे थे। दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने बड़ी मात्रा में नशीली सीरप, टेबलेट जब्त किया है। सीएसपी दुर्ग अजय सिंह ने बताया कि विशेष सूत्रों से जानकारी मिलने पर जोन 2 एबीडी स्ट्रीट सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी नितेश सिंह स्टेशन रोड दुर्ग से नशीली दवाई अवैध रूप से परिवहन कर लेकर जा रहा था। टीम ने नितेश को राजेन्द्र प्रसाद चौक दुर्ग में घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर प्रतिबंधित नशीली दवा कुल 23 नग मिला। उक्त दवा को नितेश सिंह ने देवा भगत फार्मेसी स्टेशन रोड दुर्ग से खरीदना स्वीकार बताया। नितेश के बताये जाने पर टीम मौके पर औषधि निरीक्षक दुर्गेश्वारी साहू को बुलाया और देवा भगत फार्मेसी स्टेशन रोड दुर्ग में दबिश दिया। कार्रवाई के दौरान प्रतिबंधित नशीली सिरप, टेबलेट बड़ी मात्रा में जब्त किए गए। बेचे गए रकम 4050 रुपए देवा भगत फार्मेसी संचालक जागृति चौक शंकर नगर दुर्ग निवासी अजय देवांगन से बरामद कर कार्रवाई की गई। सीएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी के फार्मेसी लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। दवाओं की कीमत 15 हजार 636 रुपए आंकी गई है।

---

# दक्षिण गंगोत्री रेलवे लाइन के पास अवैध निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



■ निगम आयुक्त ने कराया काम बंद

नगर निगम भिलाई के दक्षिण गंगोत्री क्षेत्र में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय नियमित भ्रमण पर थे। नगर निगम के रिक्त भूखंडों का राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी के साथ निरीक्षण किया जा रहा था। इसी दौरान उनकी नजर दक्षिण गंगोत्री के बास लकड़ी टाल के पास अवैध निर्माण पर गया। पूछने पर जब उनसे कागज मांगा गया तो उनके पास अनुज्ञा भवन अनुज्ञा एवं भूखंड का कागज का कागज नहीं था। तत्काल रूप से कार्य को बंद कराया गया। नेहरू नगर जोन के आयुक्त अजय सिंह राजपूत जोन राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, को भेज करके निर्मित क्षेत्र का पैमाइश करवाया गया। तब पता चला कि रविंद्र सिंह आत्मज ब्रह्मदेव सिंह लगभग 2500 वर्ग फुट , जेठू राम साहू पिता स्वर्गीय फुदूक राम साहू द्वारा 1800 वर्ग फुट में में अवैध निर्माण किया जा रहा था। संबंधित को कार्य बंद करने का नोटिस दिया गया। उसे चेतावनी दी गई कि अगर उसके द्वारा अवैध निर्माण किया हो गया तो छत्तीसगढ़ नगर पाली निगम अधिनियम 1956 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए, अवैध निर्माण को गिरा दिया जाएगा । अवैध निर्माण करता द्वारा बड़े चालाकी से सामने से लकड़ी टाल और बास का स्ट्रक्चर खड़ा कर दिया था। पीछे साइड में अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। जिससे सामान्य तौर पर देखने पर निर्माण पता ना चले। कोई भी व्यक्ति नगर निगम भिलाई क्षेत्र में बिना भवन अनुज्ञा के अवैध रूप से निर्माण करेगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

---

वार्ड 35 के नवनिर्वाचित पार्षद चंदन यादव मामले में आदेश का इंतजार

# भिलाई निगम के केवल एक पार्षद का शपथ ग्रहण, दूसरे पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई निगम के नवनिर्वाचित वार्ड 24 के पार्षद का शपथ ग्रहण समारोह 3 मार्च की सुबह 11 बजे निगम सभागार में आयोजित है। भिलाई निगम के अंतर्गत दो वार्ड में पार्षद उपचुनाव हुए थे। वार्ड क्रमांक 35 के नवनिर्वाचित पार्षद चंदन यादव का शपथ ग्रहण नहीं करवाया जा रहा है। यादव के मामले में निगम प्रशासन हाईकोर्ट और निवार्चन आयोग के आदेश का इंतजार कर रहा है।

### कलेक्टर दिलाएंगी शपथ



दुर्ग जिला कलेक्टर द्वारा नवनिर्वाचित पार्षद को शपथ दिलवाया जाएगा । मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद होंगे। अध्यक्षता रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर करेंगे। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र यादव विधायक भिलाई नगर, नीरज पाल महापौर नगर निगम भिलाई, गिरवर बंटी साहू सभापति, पुरुषोत्तम देवांगन भिलाई भाजपा अध्यक्ष, भोजराज सिन्हा नेता प्रतिपक्ष, दया सिंह उप नेता प्रतिपक्ष, आयुक्त नगर निगम भिलाई, एमआईसी सदस्य, पार्षद गणों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### वार्ड 35 के पार्षद मामले में ये दिक्कत



वार्ड 35 के पार्षद चंदन यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए है। कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा अपना नामांकन वापस लेने की वजह से यादव विजयी घोषित किए गए। जिला निर्वाचन आयोग के रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जीत का प्रमाण पत्र भी दे दिया गया। इस बीच इस वार्ड के तत्कालीन पार्षद मोहम्मद सलमान ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इस मामले में हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग को मौजूदा स्थिति रखने का आदेश दिया था। हालांकि छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा मोहम्मद सलमान के यथास्थिति वाली आदेश को शून्य घोषित किया जा चुका है। लेकिन भिलाई निगम आयुक्त इस मामले में क्लीयर आदेश का इंतजार कर रहे हैं। इसलिए यादव का शपथ ग्रहण फिलहाल टाल दिया गया है।

### आदेश का इंतजार



वार्ड 35 के मामले में हमें अभी हाईकोर्ट व निर्वाचन आयोग के आदेश का इंतजार हैं। इसलिए केवल वार्ड 24 का ही शपथ ग्रहण हो रहा है।

-राजीव कुमार पांडेय,
निगम आयुक्त भिलाई निगम

---

### प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी

**भिलाई।** क्षेत्रीय साहू मित्र सभा खुर्सीपार भिलाई में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी के लिए स्वच्छता टीम के सदस्यों एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा भक्त माता कर्मा वाटिका खुर्सीपार भिलाई की साफ-सफाई क्षेत्र के अध्यक्ष परदेशी राम साहू के निर्देश में की गई।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# कलेक्टर गाइड लाइन पर ही लगेगा रजिस्ट्री शुल्क, वास्तविक मूल्य पर मिलेगा बैंक लोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने संपत्ति खरीदने वाले मध्यम वर्ग के लोगों को बड़ी राहत दी है। अब किसी भी प्रापर्टी की खरीद-बिक्री में गाइड लाइन दर से सौदे की रकम अधिक होने पर भी रजिस्ट्री शुल्क गाइड लाइन दर के अनुसार ही लिया जाएगा। इससे बैंक लोन पर निर्भर मध्यम वर्गीय परिवार को वास्तविक मूल्य के आधार पर ऋण मिल सकेगा।

इसके पहले पक्षकार अगर कलेक्टर दर से अधिक सौदे पर रजिस्ट्री करते से तो उन्हें कलेक्टर गाइडलाइन से अधिक दर पर पंजीयन शुल्क देना पड़ता था। लेकिन राज्य शासन के नए फैसले के बाद अगर पक्ष कर बाजार मूल्य पर सौदा करते हैं, तो वे सऊदी के अनुसार रजिस्ट्री बनाना में जानकारी देंगे। उनसे लिए जाने वाला शुल्क करेक्टर दर के आधार पर ही होगा। उल्लखेनीय है कि, विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में पिछले दिनों कैबिनेट की बैठक में लिए गए इस फैसले से विशेषकर उन नागरिकों को लाभ होगा, जो बैंक ऋण के माध्यम से संपत्ति खरीदते हैं। पूर्व में संपत्ति की खरीद-बिक्री में गाइड लाइन दर और सौदे की राशि में जो भी अधिक होता था, उस पर रजिस्ट्री शुल्क देना आवश्यक था।

## राज्य शासन के इस फैसले से पक्षकारों को मिलेगा फायदा

### नए फैसले से पक्षकारों की होगी बचत

उदाहरण के लिए यदि किसी संपत्ति का गाइड लाइन मूल्य 10 लाख रुपये है और उसका सौदा 15 लाख में हुआ, तो रजिस्ट्री शुल्क 15 लाख पर 4 प्रतिशत के हिसाब से 60 हजार रुपये देना पड़ता था। इस नियम में संशोधन के बाद संपत्ति खरीदने वाले अब सौदे की रकम गाइड लाइन दर से अधिक होने पर भी वास्तविक मूल्य को अंकित कर सकते हैं और इसके लिए उन्हें कोई रजिस्ट्री शुल्क नहीं देना होगा। 10 लाख रुपये की गाइड लाइन मूल्य वाली प्रॉपर्टी का सौदा 15 लाख में होता है, तो भी रजिस्ट्री शुल्क 10 लाख के 4 प्रतिशत के हिसाब से 40 हजार रुपये देय होगा। इस तरह 20 हजार रुपये की बचत होगी।



### अभी इस तरह का होगा बदलाव

इस संशोधन से मध्यम वर्गीय परिवारों को वास्तविक मूल्य के आधार पर अधिक बैंक ऋण प्राप्त करने में सहूलियत होगी। इसके अलावा यह निर्णय संपत्ति बाजार में पारदर्शिता व स्पष्टता को बढ़ाने में भी सहायक होगा और इससे वास्तविक मूल्य दर्शाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिलेगा। देश के अन्य राज्यों में जमीन की गाइडलाइन कीमत या सौदा मूल्य दोनों में से जो ज्यादा हो उस पर पंजीयन शुल्क लगता है। केवल मध्य प्रदेश में गाइडलाइन कीमत से अधिक सौदा मूल्य दर्शाने पर उसमें पंजीयन शुल्क में छूट दी गई है। इसके कारण वहां लोगों में वास्तविक सौदा मूल्य को रजिस्ट्री पेपर में लिखने की प्रवृत्ति में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है।

### निर्देश मिले

राज्य शासन के नए निर्देश के अनुसार अपाक्षयकर अगर बाजार दर पर सौदा करते हैं तो उनसे कलेक्टर दर पर ही पंजीयन शुल्क लिया जाएगा। शासन का नया आदेश अमल भी हो रहा है।
**-प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयन दुर्ग

## खबर संक्षेप

### भिलाई बेकरी में बजरंग ने की छापामार कार्रवाई



दुर्ग। बजरंग दल द्वारा भिलाई बेकरी में वेज नानवेज एक साथ बेचने और दोनों समानों को एक ही जगह बनाने को लेकर फूड डिपार्टमेंट द्वारा बड़ी कार्यवाही कराई गई। बेकरी में गंदे तेल से खाद्य पदार्थ पकाने कीड़े लगे पनीर और दुकान में बेचने रखे एक्सपाइरी प्रोडक्ट के साथ मिट्टी तेल से भरा 2 ड्रम देखकर अधिकारियों ने दुकान सील की कार्यवाही की और सभी प्रोडक्ट के सैंपल लिए। बजरंग दल द्वारा 1000 की राशि दुकानदार को भुगतान कर प्रोडक्ट सैंपल खरीदा गया। कार्यवाही में विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अनिल गुर्जर, बजरंग दल विभाग सह संयोजक रामलोचन राकेश तिवारी, जिला संयोजक सौरभ देवांगन, नगर संयोजक बलदाऊ साहू, नगर सह संयोजक मिलाप निषाद, गौरक्षा प्रमुख नरसिंग सिन्हा राहुल देवांगन आदि मौजूद रहे।

### स्कूल में कार्यशाला का सफल हुआ आयोजन



दुर्ग। शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान प्रदान करने के साथ जीवन को स्वच्छ, उज्वल और स्वस्थ बनाना भी है। इस तारतम्य में कलेक्टिव्स फॉर लाइवलीहुड इनिशिएटिव्स द्वारा स्वच्छ विद्यालय-स्वस्थ विद्यालय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालयों में जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और छात्रों के लिए एक सुरक्षित, स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना था। इस कार्यशाला में रसमाड़ा, पीपरछेड़ी और गनियारी के शासकीय स्कूल के प्रिंसिपल व शिक्षक, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स व राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम बतौर प्रतिभागी उपस्थित रहे। जिसमें जिले के प्रमुख अधिकारी, स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग, स्वच्छ भारत मिशन के विशेषज्ञ तथा अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यशाला के आरम्भ में शांतनु दीक्षित ने कार्यशाला के उद्देश्य और छत्तीसगढ़ में संस्था के प्रोग्राम्स के विषय में विस्तार से बताया।

## सुविधा: पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की गई शुरुआत, ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

# सोसायटियों में खुलेंगे जन-औषधि केन्द्र 70 फ़ीसदी तक सस्ती मिलेगी दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खास खबर

जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले आधा दर्जन सोसायटियों में अब दवाईयां भी मिलने लगेगी। केन्द्र के सहकारिता मंत्रालय के निर्देश पर सोसायटियों को मजबूत करने की कडी में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरूआत की गई है। इसके पहले ही तीनों जिले के 311 सोसायटियों में च्वाइस सेंटर खोली जा चुकी है। जहां 36 तरह की सेवाएं अब गांव में भी मिल रही है।

शहर के बाद अब गांव में भी जन औषधि सुविधा केंद्र का फायदा ग्रामीणों को मिलेगा। जानकारी अनुसार केंद्र द्वारा संचालित शहरी इलाकों में जन औषधि केंद्र की तरह गांव में भी यह सुविधा दी जाएगी। यहां विभिन्न किसानों के दवाइयां को 30 से 70 फ़ीसदी तक छूट पर उपलब्ध कराया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन आने वाले चार समितियां में इसकी शुरुआत की गई है। शुरुआती दौर में बालोद जिले के गुंडरदेही में कलंकपुर और अर्जूंदा के भंडेरा सोसायटी व बेरला और बेमेतरा समिति में इसकी शुरूआत की गई है। समिति में बी फार्मा की पात्रता रखने वाले कर्मी भी रखे गए है। यहां निजी मेडिकल के मुकाबले सस्ते दर पर दवाईयां उपलब्ध कराई जाएगी। अफसरों ने बताया कि, शुरूआत में चार समिति का चयन किया गया है। जन औषधि केन्द्र का बेहतर प्रतिसाद मिलने पर इसे तीनों जिले में शुरू किया जाएगा। सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, कुछ दिन में यहां दवाईयां बिक्री का कार्य शुरू हो जाएगा। इसके पहले दुर्ग, बेमेतरा और बालोद जिले के 311 समितियों में च्वाइस सेंटर भी खोला गया हैं। सेंटर में राजस्व, आय, जाति, निवास, नक्शा, खसरा, सीमांकन, डायवर्सन सहित करीब 36 तरह की सेवाएं दी जा रही हैं।

## 311 सोसाइटियों में खुलेंगे च्वाइस सेंटर, 36 प्रकार की सेवाएं अब गांव में भी मिलेगी




### तीन जिले के 311 समितियां को आईडी भी जारी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन आने वाले दुर्ग, बेमेतरा और बालोद के 311 समितियां को सीएससी केंद्र संचालित करने के लिए पासवर्ड आईडी भी जारी कर दिया गया है। चॉइस सेंटर में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड जैसे पहचान दस्तावेजों के लिए आवेदन, बैंकिंग सेवाएं, शिक्षा सेवाएं, कृषि सेवाएं, स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं है। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल का एक अहम हिस्सा है। सीएससी केंद्रों का मकसद, नागरिकों को डिजिटल माध्यमों से सरकारी और गैर-सरकारी सेवाएं मुहैया कराना है। सीएससी केंद्रों की मदद से, ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों के लोगों को भी सरकारी और गैर-सरकारी सेवाएं मिलती हैं। इसके अलावा सीएससी केंद्रों पर पासपोर्ट, पैन कार्ड, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड नामांकन, बीमा सेवाएं, बिल भुगतान, ऑनलाइन बुकिंग, इंटरनेट ब्राउजिंग, डीटीपी, प्रिंटिंग जैसी सुविधाएं शुरू हो गई है।

### मिलेगी सुविधा

केंद्र के सहकारिता मंत्रालय के निर्देश पर अब समिति की समितियां में भी जन औषधि केंद्र की सुविधा मिलेगी। शुरुआत में चार समितियां का चयन किया गया है।
**-एसके जोशी,** सीईओ, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

### प्राथमिक समितियां को मजबूत करने की तैयारी

देश में सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण करने के साथ आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने के उपाय किए गए हैं। केंद्र द्वारा देशभर के किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के हित में सहकारिता मंत्रालय का गठन कर 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र दिया। सरकार का मानना है कि सहकारिता के माध्यम से रोजगार सृजन और ग्रामीण क्षेत्र की समृद्धि संभव है। सीईओ एसके जोशी ने बताया कि, सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद राज्यों के साथ मिलकर प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का डेटाबेस बनाने का काम किया और दो लाख पैक्स के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गयी। पैक्स को 20 से अधिक गतिविधियों से जोड़ा गया है। और अब वे कॉमन सर्विस सेंटर, जन औषधि केंद्र सहित अन्य सेवाएं प्रदान कर रही है। इसके अलावा समिति के जरिए दूध विक्रय करने की भी योजना है।

## कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती घोटाले में अपराध दर्ज करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ मामला पहुंचा राज्य सूचना आयोग तक

जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम चिंगरी में हुए वीएलसी अर्थात कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती घोटाला का मामला कलेक्टर कार्यालय तक पहुंच गया है, वहीं शिकायतकर्ता ने तात्कालिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएस राजपूत पर अपराध दर्ज करने की भी मांग की है।

बता दें कि 2019 में यह भर्ती घोटाला हुआ था इसके संबंध में लगातार खोमेंद्र साहू शिकायत कर रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर दबाव के चलते और अधिकारियों द्वारा गुमराह कर मामले को दबाया जा रहा है। वे इस मामले को लेकर राज्य सूचना आयोग तक पहुंच गए हैं संबंधित मामले पर पंचायत सचिव ने भी माकुल जवाब नहीं दिया है ना हीं पंचायत द्वारा प्रस्ताव कर भर्ती किया गया है बल्कि दबाव पूर्वक षड्यंत्र का सहारा लेकर नियुक्ति कर दी गई है शिकायत में उल्लेख है कि तात्कालिक जनपद पंचायत सीईओ जे एस राजपूत द्वारा पहले नियुक्ति निरस्त करने और बाद में नियुक्ति दे देने के संबंध में अलग-अलग पत्र जारी किए हैं इसके संबंध में उन्होंने तात्कालिक सीईओ, पंचायत सचिव पर साठगांठ कर नौकरी देने के संबंध में शंका जाहिर की है , वहीं उन्होंने फर्जी भर्ती पर जनपद सीईओ व पंचायत सचिव कुलेश्वर साहू से भुगतान के रिकवरी की भी मांग की है मामले की प्रतिलिपि जिला पंचायत सीईओ दुर्ग को भी दी गई है।

### क्या है मामला, सालों से दबाए गए मामले

दरअसल में तृतीय वरीयता प्राप्त खोमेंद्र साहू कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य ग्राम पंचायत चिंगरी में कर रहे थे। विदित हो की प्रथम वरीयता प्राप्त अभ्यर्थी नौकरी को छोड़ गए थे। इस दौरान द्वितीय वरीयता प्राप्त रमाकांत गांव में नहीं होने अन्यत्र कार्य करने सूचना का उल्लेख के बाद तृतीय वरीयता को नौकरी मिली थी इसके बाद द्वितीय वरीयता प्राप्त रमाकांत ने शिकायत कर सरपंच, सचिव के खिलाफ जांच की मांग की थी लेकिन उक्त मामले में सरपंच, सचिव को छोड़कर कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई हो गई थी जनपद पंचायत द्वारा जांच में उक्त भर्ती को निरस्त कर नया आवेदन लेने की बात कही थी लेकिन बाद में द्वितीय वरीयता प्राप्त अभ्यर्थी को नियुक्ति दे देने के संबंध में पत्र लिख दिया गया था इस संबंध में सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों में नियुक्ति निरस्त करने का प्रतिवेदन का ही उल्लेख है ऐसे में सवाल उठता है कि प्रतिवेदन के उलट कंप्यूटर ऑपरेटर की भर्ती कैसे हो गई इसी मामले को लेकर खोमेंद्र साहू कलेक्टर से शिकायत कर जांच की मांग कर रहे हैं।

## नेशनल युवा उत्सव 2025 में शामिल होने विश्वविद्यालय की टीम रवाना




दुर्ग। ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ यूनिवर्सिटीज एआईयू के तत्वाधान में अमिटि यूनिवर्सिटी, नोएडा, (उ.प्र.) में 3 से 7 मार्च तक आयोजित 38 वां साउथ-ईस्ट राष्ट्रीय स्तरीय युवा उत्सव में सामूहिक लोकनृत्य, जनजाति नृत्य स्पर्धा में प्रतिनिधित्व करने हेमचंद यादव विवि की टीम का प्रतिनिधित्व के लिए रवाना हुई। सहायक कुलसचिव एवं युवा उत्सव प्रभारी दिग्विजय कुमार साहू ने बताया कि यह पहला अवसर है कि जब जोनल स्तरीय युवा उत्सव में किसी सामूहिक प्रतियोगिता में विष्वविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

दिग्विजय कुमार के अनुसार कुलपति सत्यनारायण राठौर एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने सभी प्रतिभागियों, टीम मैनेजर एवं संगतकार को अग्रिम शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि सभी प्रतिभागी साइंस कॉलेज, दुर्ग के नियमित छात्र-छात्राएं है। इस टीम में शामिल प्रतिभागियों में मोरध्वज, तोशण लाल, द्रविण कुमार देशमुख, मिनेष कुमार, तुकेश्वर कुमार साहू, रिम्पा नायक, तारिणी विश्वकर्मा, चंचल ठाकुर, सारिका निषाद, क्षमा देवांगन एवं टीम मैनेजर के रूप में इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई की सहायक प्राध्यापक, डॉ. चांदनी मरकाम तथा साइंस कॉलेज, दुर्ग के सहायक प्राध्यापक तरूण साहू हैं।

## सभापति के लिए मैदान में कांग्रेस से भास्कर कुंडले, संजय नेता प्रतिपक्ष के होंगे उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ रविवार को राजीव भवन में पर्यवेक्षक ने ली बैठक

नगर निगम में कांग्रेस पार्टी की ओर से सभापति के उम्मीदवार भास्कर कुंडले होंगे। वही नेता प्रतिपक्ष के लिए संजय कोहले को जिम्मेदारी दी गई है। वही उप नेता प्रतिपक्ष विजयंत पटेल होंगे। रविवार को दुर्ग में आयोजित बैठक में रायपुर से प्रदेश महामंत्री एवं कांग्रेस प्रवक्ता सुबोध हरितवाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। उनकी मौजूदगी में पार्षदों से रायशुमारी कर विभिन्न पद के लिए नाम की घोषणा की गई है।

राजीव भवन में नगर निगम में विपक्ष की भूमिका तय करने के लिए कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से संजय कोहले को नगर निगम दुर्ग का नेता प्रतिपक्ष चुना गया, जबकि विजयंत पटेल को भी विपक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा, दीपक साहू को अपील समिति का सदस्य नियुक्त किया गया। बैठक में रायपुर से प्रदेश महामंत्री एवं कांग्रेस प्रवक्ता सुबोध हरितवाल पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांग्रेस की भूमिका सिर्फ सत्ता में रहते हुए विकास करना नहीं, बल्कि जब भी ज़रूरत हो, जनता के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि पिछले कार्यकाल में कांग्रेस बहुमत में थी, और नगर निगम में प्रशासन को पारदर्शी और जनहितैषी बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा से काम किया गया। अब जबकि कांग्रेस विपक्ष में है, उसकी जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी पूरी मजबूती के साथ जनता की समस्याओं को उठाएगी, प्रशासन को जवाबदेह बनाएगी और हर वह संघर्ष करेगी, जो शहरवासियों के हक में ज़रूरी होगा। विपक्ष में रहकर भी कांग्रेस जनहित के लिए पहले की तरह कार्य करती रहेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में कांग्रेस संगठन के कई वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। पूर्व गृहमंत्री तम्रध्वज साहू, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, महामंत्री राजेंद्र साहू, जिला अध्यक्ष गया पटेल, दीपक दुबे, परमजीत सिंह भुई और पूर्व महापौर शंकरलाल तम्रकार की उपस्थिति ने बैठक को और अधिक प्रभावशाली बना दिया।




### पूर्व विधायक ने कहा डटकर करेंगे सामना

पूर्व विधायक अरुण बोरा ने कहा कि, सभापति के लिए भास्कर कुंडले का नाम तय किया गया है। भले ही नगर निगम दुर्ग में भाजपा ने बहुमत हासिल किया हो, लेकिन कांग्रेस विपक्ष की भूमिका में जनता के मुद्दों पर पूरी सजगता से निगरानी रखेगी। नगर निगम के हर फैसले की बारीकी से समीक्षा होगी और जनविरोधी नीतियों का डटकर विरोध किया जाएगा। अरुण वोरा ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस की लड़ाई सिर्फ सत्ता में बने रहने के लिए नहीं, बल्कि जनता के हक की है।

## चंदखुरी में यादव पंचायत में शामिल हुए गजेंद्र यादव

# यादव समाज अपनी संस्कृति को संभालकर रखा: गजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ मांगों पर राशि देने की दी स्वीकृति

कोड़िया सर्किल अंतर्गत ग्राम चंदखुरी आयोजित यादव पंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने कहा की विषम परिस्थिति में भी हंसकर चलना यादव समाज की पहचान है युवाओं को भगवत गीता पढ़ना चाहिए इससे जीवन में विषम परिस्थितियों में भी हंसते हुए कार्य करने की सिख मिलती है। कार्यक्रम में अपने अतिथि को यादवी परंपरा के अनुरूप खुमरी और फुलेता भेंट कर सम्मान किया गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा की यादव समाज कोड़िया सर्किल द्वारा आयोजित यादव पंचायत में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि यादव समाज स्वाभिमानी समाज है। समाज ने अपनी संस्कृति और विरासत को संभाल कर रखा है। उन्होंने समाज के सभी क्षेत्रों में यादव समाज को आगे बढ़कर कार्य करने प्रेरित किया। धर्म की रक्षा के लिए यादव समाज हमेशा से अग्रणी रहा, इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थितजनों को भक्तिभावना से जुड़े रहने अपील की। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं और नीतियों से समाज के अधिकतम लोगों को लाभान्वित करने के विषय पर जानकारी साझा किये। उन्होंने आगे कहा की कहा कि समाज को शिक्षा का महत्व समझना चाहिए समाज के सभी लोगो का शिक्षित होना जरूरी है। भाजपा सरकार में देश के निचले तबके के लोग भी आगे बढ़ रहे है।




इस अवसर पर सुदामा यादव, रामेश्वर यादव, सुरेश यादव, मनोहर यादव, घसिया यादव, नारायण यादव, माहेश्वरी यादव, पूर्णिमा यादव, अर्चना यादव, हेमीनबाई यादव सहित समाज के अनेक गणमान्य पदाधिकारीगण एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक गीतों पर प्रस्तुति

कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में उपस्थित सामाजिकजनों ने विधायक के समक्ष समाज में शादी ब्याह व दुख सुख के आयोजन में प्लास्टिक के डिस्पोजल, पत्ते तथा अन्य सामान को बंद कर बर्तन को बढ़ावा देने मांग भी किये जिसे विधायक श्री यादव मौके पर उनकी मांग के अनुरूप राशि देने घोषणा की। इस दौरान समाज की बच्चियों ने पारंपरिक एवं सांस्कृतिक गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे आयोजन की शोभा बढ़ी।

## आंगनबाड़ी सहायिका, पालना कार्यकर्ता व सहायिका पद हेतु आवेदन 17 तक

■ अनुभवी को मिलेगा आयु सीमा में छूट

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-1 में एक आंगनबाड़ी सहायिका एक पालना कार्यकर्ता और एक पालना सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। नियुक्ति हेतु संबंधित ग्राम, वार्ड की आवेदिकाओं द्वारा आवेदन पत्र भरकर निर्धारित तिथि 17 मार्च तक आवेदन एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई-01, जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी भिलाई में 10 से 5.30 बजे तक शासकीय अवकाश को छोड़कर सीधे अथवा पंजीकृत डाक से जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई-1 से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 आरक्षी नगर में पालना कार्यकर्ता एवं पालना सहायिका और नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड क्रमांक 3 रूआबांधा बस्ती 1 में एक आंगनबाड़ी सहायिका की भर्ती जाएगी। आवेदन किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक गाईडलाईन के तहत आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता-सहायिका, सह-सहायिका, संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आयु की गणना नियुक्ति प्रक्रिया की सूचन जारी होने की तिथि से की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे पूर्व सीएम भूपेश

**सेलूद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब शपथ ग्रहण का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में 3 मार्च को कर्मा भवन बाजार चौक सेलूद में सुबह 11 बजे से सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में नव निर्वाचित सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे व बीस पंच योगेश चंदेल, ममता रवि पटेल, धनंजय साहू, जय प्रकाश साहू, राकेश साहू, देवला श्रवण साहू, सुशील ठाकुर, भुनेश्वरी गोपाल साहू, प्रिया रीतेश देवांगन, सुभाष बंछोर, नीतू बंछोर, सुनीता ठाकुर, ध्रुव, रमेश कश्यप, होमिन, उषा, संतराम, खोईलन बारले, करण धनकर, इंद्राणी वर्मा, चंचल यादव का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी व ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर अतिथि के रुप में शामिल रहेंगे। वहीं निर्वतमान सरपंच व पंचो को विदाई दिया जायेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन रखा गया है।

### वार्षिक अधिवेशन में शामिल होने सीएम को दिया आमंत्रण



**धमधा।** छत्तीसगढ़ धीवर समाज धमधा राज परगना का वार्षिक अधिवेशन एवं सम्मान समारोह धमधा ब्लॉक के ग्राम दारगांव में आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। वही अध्यक्षता दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल एवं अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा होंगे। वहीं समाज के अध्यक्ष चंद्र विजय धीवर एवं कार्यक्रम प्रतिनिधि रूपचंद धीवर सहित सभी समाजिक सदस्यों ने साथ जाकर प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय को आमंत्रण कार्ड दिया।

### अरमरी खुर्द में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित



जामगांव आर। ग्राम अरमरी खुर्द में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुआ। जिसमें जिला पंचायत प्रतिनिधि नारद साहू एवं जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू , उपाध्यक्ष टेसराम साहू मंचासिन रहे। इस अवसर पर रेवाराम साहू बूथ अध्यक्ष, मकसूदन साहू पंच, सेवाराम साहू पंच, डॉ. देवेंद्र साहू, ईश्वर साहू, पोखन यादव, भोज साहू, गौकरण साहू, संजू साहू लोक गायक उपस्थित थे।

## निधन

### पुतरी बाई अवस्थी



**भिलाई।** गांधी नगर भिलाई-3 निवासी पुतरी बाई अवस्थी का 83 वर्ष की उम्र में 2 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 3 मार्च को सुबह 10 बजे निकलेगी। अंतिम संस्कार एकता नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे पहंडोर वाले सेवानिवृत्त प्रधान पाठक द्वारिका प्रसाद अवस्थी की पत्नी, उषा पाण्डेय, देवशरण, राज कुमार अवस्थी की मां एवं अंगिरा, अमित, सुमीत व विकास शर्मा की दादी थीं।

### चन्द्र कुमारी अग्रवाल



**भिलाई।** दुर्ग निवासी चन्द्र कुमारी अग्रवाल (दीदा) का आकस्मिक निधन 28 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 मार्च को शंकर नगर हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. बटो कृष्ण अग्रवाल की पत्नी एवं मीना, सुनीता, दिनेश व अजय अग्रवाल की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।

## धनोरा में धूमधाम से मनाया माता शाकंभरी महोत्सव व सामाजिक सम्मेलन

# मरार समाज के युवा संगठित होकर आगे ले जाने का काम करें: पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**समाज की महिलाओं व बच्चों ने निकाली मां शाकंभरी की शोभायात्रा, दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुति**





दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनोरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम के साथ शाकंभरी महोत्सव एवं सामाजिक सम्मेलन मनाई गई। जिसमें पटेल समाज द्वारा सुबह से ही ग्राम के सभी गलियों में साफ-सफाई की उसके बाद ग्राम धनोरा में माता शाकंभरी की शोभा यात्रा निकाली गई, जो ग्राम के सभी गलियों में घूमते हुए मंच पर पहुंचे।

इस अवसर पर पटेल समाज के महिलाओं एवं छोटे-छोटे बच्चों ने सिर में कलश लेकर गाजे बाजे के साथ निकली। जयंती समारोह में माता शाकंभरी की पूजा-अर्चना के बाद ग्राम के सभी समाज के प्रमुखों ने माता शाकंभरी को स्मरण करते हुए प्रकाश डाला कि पौष पूर्णिमा के दिन ही मानव के कल्याण के लिए मां शाकंभरी ने अवतार लिया था। प्रचीन मान्यता के अनुसार एक बार पृथ्वी पर सौ वर्ष तक वर्षा नहीं होने से चारों तरफ भूख, प्यास से जीव जंतु, पेड़ पौधे मरने लगे तब मुनियों ने मिलकर मां भगवती का आह्वान किया, तब वे पौष पूर्णिमा के दिन माता शाकंभरी के रूप में धरती पर अवतार लेकर वर्षा कर पृथ्वी पर जीवन का संचार किया।

इस अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पटेल समाज के युवा संगठित होकर समाज के आगे ले जाने का काम करें।

आगे कहा कि पटेल समाज संगठित होकर तेजी से सामाजिक जनों की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रहा है। समाज को सकारात्मक दिशा में आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहा है और संगठन में बड़ी शक्ति होती है। मरार पटेल समाज सकारात्मकता के साथ अपने उद्देश्यों को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रहा है।

इससे समाज को और पूरे प्रदेश को लाभ हो रहा है। अच्छे विचारों के साथ युवाओं को निःस्वार्थ रूप से आगे आना चाहिए। समाज प्रमुखों को चाहिए कि वे अपने समाज के बारे में



आने वाली पीढ़ी को अच्छी जानकारी दें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री छग शासन, श्रद्धा साहू जिला पंचायत सदस्य, जितेन्द्र टंडन जन्पद सदस्य , गया राम पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग, रुलेशवरी बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा आदि अतिथियों के द्वारा उदबोधन दिया गया एवं समाज में उत्कृष्ट सम्मान, बुजुर्ग सम्मान, खेल सम्मान, शिक्षा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लगभग 42 गांव से समाजिक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर यशवंत पटेल, नुमेन्दर, मोहन पटेल, शेष नारायण रमेश पटेल, थैलेश, प्रकाश, रोमन, कल्याण पटेल, प्रदीप, परमेश्वर, अवध, रमेश पटेल, रविश, दीपक, तानू राम, जीवन, कुंभकरण पटेल, अश्वनी पटेल, कुंज लाल पटेल, इतवारी, नीलकमल पटेल, प्रभा पटेल, पूजा पटेल, चंन्द्रीका, लीला पटेल, कामनी, हितेश पटेल, रेखा, दशरी पटेल आदि बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## पाटन जनपद में भाजपा को सदस्यों का मिल रहा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव से पहले भाजपा के पक्ष में सदस्यों का समर्थन लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को पाटन ब्लॉक के ग्राम पतोरा निवासी निर्दलीय जनपद सदस्य चंद्रिका कलिहारी देवदास ने भी अपने समर्थकों के साथ जिला भाजपा कार्यालय पहुंचकर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चन्द्राकर, निवर्तमान जिला

■ पाटन जनपद में भाजपा 18 तक पहुंची, अब भाजपा की जीत तय

अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पाध्ये, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीतपाल बेलचंदन, प्रदेश सहसंयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ शिव चन्द्राकर, जिला कार्यालय मंत्री मनोज सोनी, युवा भाजपा नेता नवीन पवार के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जनपद सदस्य चंद्रिका देवदास कलिहारी के साथ उनके पति चित्रसेन देवदास जो कि कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पाटन ब्लॉक महामंत्री हैं उन्होंने भी कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देकर भाजपा प्रवेश लिया साथ ही उनके समर्थक चंचल यादव, रीना देवदास और काजल देवदास भी साथ में थे।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने कहा कि विगत कार्यकाल में पाटन जनपद में कांग्रेस की सत्ता रही। कांग्रेस की गलत कार्यशैली और भाजपा की विकासात्मक सोच के चलते बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधि भाजपा में शामिल हो रहे हैं। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की विष्णुदेव सरकार ने लोक कल्याणकारी नीतियों को धरातल पर उतारने और सुशासन का संकल्प लिया है, और इसी का यह परिणाम है कि छत्तीसगढ़ में द्रुत गति से विकास हो रहा है। निवर्तमान जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि पिछले 5 सालों से पाटन जनपद में कांग्रेस काबिज रही, इस दौरान पूरे पाटन जनपद क्षेत्र में भ्रष्टाचार, तानाशाही और भर्राशाही हावी रही, पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मान मिलना बंद हो गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनपद होने के बावजूद इस जनपद में विकास का कोई ऐसा काम नहीं हुआ जिसे मील का पत्थर कहा जा सके। विकास के नाम पर जनपद क्षेत्र में केवल भ्रष्टाचार का आलम रहा इसीलिए जीते हुए तमाम पंचायत जनप्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए तत्पर हैं।

## वॉलीबाल स्पर्धा के लिए टीम का चयन 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र वालीबल प्रतियोगिता 2024–25 का आयोजन, बोकारो में 18 से 20 मार्च तक किया जाएगा। बीएसपी की टीम का चयन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा की जा रही चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा का आयोजन 5 मार्च को 6:30 बजे से वालीबाल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर–1 में किया जाएगा। बीएसपी कार्मिक, उनके परिवारजन और भिलाई परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीकरण 5 मार्च को शाम 6 बजे तक चयनकर्ता दीपक मित्र व अजय कुमार सोनी के पास करवा सकते हैं। चयन स्पर्धा के प्रभारी, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक होंगे।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## रोहित बने विधायक प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा जनपद पंचायत में इन दिनों चुनाव प्रक्रिया पूर्ण हुई है। वहीं पूरे धमधा जनपद में सैकड़ो ग्राम पंचायत आते हैं। साजा विधानसभा के विधायक ईश्वर साहू ने जनपद में आमजनों की समस्या को देखते हुए पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह राजपूत को अपना विधायक प्रतिनिधि बनाया है जिससे आमजनों का कार्य, विकास के कार्य, लोगों से सीधा संपर्क होने में आसानी होगी। वहीं इस नए दायित्व से विधायक प्रतिनिधि रोहित सिंह राजपूत ने कहा कि गरीबों के हितैषी जन-जन के नेता ईश्वर साहू जनता के सुविधा और गांव गांव विकास करने के लिए संकल्पित है। मुझ जैसे कार्यकर्ता को अपना प्रतिनिधि बनाकर विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है। मेरा हर संभव प्रयास रहेगा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके। वहीं रोहित सिंह राजपूत को विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा में खुशी की लहर देखी गई।

■ विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा में खुशी की लहर



## सोरियासिस रोग का इलाज आयुर्वेद रसायन से ही: डॉ. अग्रवाल



**भिलाई।** सोरियासिस रोग लाइलाज एक जटिल रोग है। इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं, इस रोग को किसी साधारण गोली दवा, इलाज से दबाने की गलती भूलकर भी नहीं करें, वरना आगे चलकर रोग गंभीर हो सकता है। डॉ. एचसी अग्रवाल बताते हैं कि वात, पित, कफ तीनों की विकृति त्रिदोषज अर्थात इम्यून डिसआर्डर रोग है। इससे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते इसलिए यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर में रूसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले दाग, नाखूनों का सड़ना, उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ों में सूजन, दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है, इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया इत्यादि से ठीक नही होता दब जाता है यह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है। सभी चमड़ी एवं रोगों के स्थायी इलाज के लिए गुरूद्वारा, स्टेशन रोड स्वरूप टाकीज के सामने, ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग स्थित क्लीनिक में डॉ. अग्रवाल से दोपहर 3 से रात्रि 7:30 बजे तक मरीज मिल सकते हैं।

## अंचल की खबरें

### नव निर्वाचित सरपंच ने विधायक से की मुलाकात



**भिलाई।** स्थानीय चुनाव में भाजपा के खेमें में जीत की बड़ी खुशी आई है। कुछ स्थानों को छोड़कर सभी स्थानों पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने चुनाव में जीत हासिल किया है। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खपरी, मंचादुर के नव निर्वाचित सरपंच व पंच ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से उनके निज निवास में मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और इस जीत के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक ललित चंद्राकर ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए उनसे पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। जनता के विश्वास और आशीर्वाद से नवचयनित प्रतिनिधियों का यह नया सफर गांव के विकास और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहेगा। सभी के साथ मिलकर समाज हित के कार्यों को गति देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। समर्पित कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और सभी का स्नेहिल सहयोग, समाज की सेवा में निरंतर ऊर्जा और प्रेरणा देता है। विधायक ललित चंद्राकर के निवास में मुलाकात करने वाले में नव निर्वाचित सरपंच ललित निषाद, रोहिणी निषाद, तुलेश्वरी निषाद, दुलेश्वरी देवदास, पूर्णिमा ठाकुर, सुरेखा यादव, किरण निषाद, सुमित्रा मांडवी, मंजू नेताम, नंद किशोर नेताम, ललिता यादव, राम अवतार यादव, अनीता रवाना, हीरा ठाकुर, महेश निषाद, राय कुमार निषाद, शिव कुमार साहू, तोरण ठाकुर, महेश निषाद, शिवकुमार साहू, राकेश रवाना, तुकाराम अवतार, रूपेश धनकर, आशीष मिश्रा, बबलू ठाकुर, सरपंच युगल किशोर साहू, रवि शंकर गिरी गोस्वामी ,वीरेंद्र कुमार साहू, तोरण लाल साहू , शिवकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

### भिलाई सिविल कांट्रेक्टर एसो. का स्थापना दिवस मना




**भिलाई।** भिलाई सिविल कांट्रेक्टर वेलफेयर सोसाइटी का स्थापना मनाया गया शांति नगर गार्डन में मनाया गया। सोसायटी ने संगठित होने के लिए हर माह 5 तारीख को कार्य बंद रखे जाने का नियम बनाया है। त्योहार के समय 5 तारीख को कार्य बंद नहीं किया जाता है क्योंकि उस समय घर मालिकों की आवश्यकता और ठेकेदार और मजदूर के हित को ध्यान में रखते हुए त्योहार होने की वजह से मजदूर छुट्टी भी अधिक करते हैं । कार्यक्रम में अध्यक्ष तरुण जुल्का, महामंत्री मृत्युंजय भगत, कोषाध्यक्ष संजीव धीमान, सचिव दुर्गा माधव पंडा, उपाध्यक्ष प्रताप सोनवानी, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश राजपूत सहसचिव राकेश कुमार, घसीराम वर्मा लेखराम सेन आदि ठेकेदार उपस्थित थे।

### चुनकट्टा में शिव महापुराण कथा हुआ शुरू





**सेलूद।** जय माँ सरस्वती समिति चुनकट्टा के तत्वावधान में शिव महापुराण कथा 1 मार्च को कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं शिव महापुराण महात्मय कथा शिव पुराण परिचय के साथ शुभारम्भ हुआ । अरमरीकला वाले पंडित अनिल तिवारी ने 'शिव पुराण' में शिव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके रहन-सहन, विवाह और उनके पुत्रों की उत्पत्ति के विषय में विशेष रूप से वर्णन है। भगवान शिव सदैव लोकोपकारी और हितकारी हैं। त्रिदेवों में इन्हें संहार का देवता भी माना गया है। शिवोपासना को अत्यन्त सरल माना गया है। अन्य देवताओं की भांति भगवान शिव को सुगंधित पुष्पमालाओं और मीठे पकवानों की आवश्यकता नहीं पड़ती। शिव तो स्वच्छ जल, बिल्व पत्र, कंटीले और ना खाए जाने वाले पौधों के फल धूतरा आदि से ही प्रसन्न हो जाते हैं। शिव को मनोरम वेशभूषा और अलंकारों की आवश्यकता भी नहीं है। वे तो औघड़ बाबा हैं। जटाजूट धारी, गले में लिपटे नाग और रुद्राक्ष की मालाएं, शरीर पर बाघम्बर, चिता की भस्म लगाए एवं हाथ में त्रिशूल पकड़े हुए वे सारे विश्व को अपनी पद्चाप तथा डमरू की कर्णभेदी ध्वनि से नचाते रहते हैं। मनुष्य को निष्काम भाव से अपने समस्त कर्म शिव को अर्पित कर देने चाहिए। कथा का विवरण 2 मार्च शिवलिंग स्थापना व पूजन विधि प्रणय महात्मय, पार्थलिंग निर्माण रुदाक्ष महिमा, नारद मोह, 3 मार्च, सृष्टि वर्णण, उमा महेश्वर प्राकट्य, शिव पूजन विधि फल, दक्ष तपस्या, सती विवाह 4 मार्च नवधा भक्ति विवेचन, दक्ष यज्ञ, सती देह त्याग, पार्वती माता का जन्म, 5 मार्च संस्कार, नारद आगमन, पार्वती की तपस्या, शिव जी द्वारा परीक्षा, पार्वती विवाह, 6 मार्च पतिव्रत धर्म उपदेश, कार्तिकेय जन्म, तारकसुर वध, गणेश जन्म एवं बाल लीला, 7 मार्च शंखचूड वध, शिव के अवतारो का वर्णण, द्वादश ज्योर्तिलिंग कथा, हवन पूर्णाहूति कथा समय दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जानकी रमैया को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**भिलाई।** बीएसपी के नगर सेवा विभाग के कर्मी जानकी रमैया को सेवानिवृत्त होने पर विभाग द्वारा सम्मानपूर्वक विदायी दी गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक आरके साहू और एमके साहू ने जानकी रमैया का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। सहायक महाप्रबंधक नितिन कनिकदले और वायके साहू ने शाल व श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया। सभी कर्मियों ने उन्हें उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन सीनियर मैनेजर कृष्णानंद राय ने किया। इस अवसर पर पीयूष मंडल, अजय बेनर्जी, रमाकांत यादव, नारायण, सोमन, श्रुति, आलोक, प्रमोद, अंजनी राय और बलराम शुक्ला उपस्थित थे।

### भिलाई मड़ई सात से

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम के निकट मैदान में चार दिवसीय भिलाई मड़ई का आयोजन किया जाएगा। सात मार्च से 10 मार्च तक आयोजित मड़ई में लोक कला से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इसके लिए तैयारी शुरु कर दी गई है। आयोजक कलाकार योगेश अग्रवाल ने बताया कि चार दिवसीय भिलाई मड़ई का रंगारंग उद्घाटन 7 मार्च को होगा। आयोजन में विभिन्न दिन नाचा कार्यक्रम, लोकगीत व नृत्य प्रतियोगिता, बैंडवार, भाषण प्रतियोगिता और छत्तीसगढ़ी फिल्म अवार्ड समारोह होगा। अवार्ड समारोह पिछले 13 साल से रायपुर में आयोजित हो रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ी फिल्मों के चर्चित कलाकार शामिल होंगे। दस मार्च को होली उत्सव होगा।

### एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष बने सागर

**भिलाई।** विधायक देवेंद्र यादव के आदेशानुसार प्रदेश एनएसयुआई



अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के अनुमोदन से जिला अध्यक्ष गुरलीन सिंग की सहमति से जिला उपाध्यक्ष के रुप में मेजर सिंग सागर की नियुक्ति की गई। सेक्टर 5 विधायक निवास में मेजर सिंग सागर के साथ 50 युवाओं ने एनएसयुआई मे प्रवेश किया।

### पेंशनर्स समाज पाटन की बैठक कल

**भिलाई।** छग पेंशनर्स समाज की पाटन इकाई की बैठक 4 मार्च को दोपहर 12 बजे पेंशनर्स भवन में आयोजित है। अध्यक्ष हीरासिंह वर्मा ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग का गठन किये जाने पर अनुमानित पेंशन के संबंध में प्रस्ताव,राज्य शासन से केंद्र शासन के अनुरुप पेशनरों के लिए पुनरीक्षित पेंशन,केंद्र द्वारा निर्धारित तारीख से दिए जाने,महंगाई राहत और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग, केंद्र सरकार के समान 53 प्रतिशत महंगाई राहत जल्द प्रदान किए जाने, रेलवे प्रशासन द्वारा सीनियर सिटिजन को यात्रा में मिलने वाला कंसेशन व रोक को बहाल करने आदि मुद्दों पर चर्चा होगी। साथ ही वार्षिक सम्मेलन की तारीख का निर्धारण, वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने आदि सामग्री मांगे जाने

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले प्रोत्साहन योजना का लाभ

## ठेका श्रमिकों के सुविधाओं और निर्धारित वेतन एवं कल्याण के लिए बैठक में की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक संकाय राकेश कुमार से मिलकर उनका स्वागत किया एवं भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों के सुविधाओं एवं निर्धारित वेतन एवं कल्याण के लिए चर्चा किया गया बैठक में कार्यपालक निदेशक संकाय राकेश कुमार ने कहा भिलाई इस्पात संयंत्र में उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षित कार्य,सुरक्षित कार्यस्थल एवं सुरक्षित कार्यप्रणाली पर हमें कार्य करना है जिससे कि शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके एवं ठेका श्रमिकों के



कल्याण के लिए मनोबल को बढ़ाने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा बहुत सारे कार्य किया जा रहे हैं एवं सुरक्षा से लेकर के हर कार्यक्रम में उनकी सहभागिता को बढ़ाई जा रही है। एवं उनके उच्च कौशल को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहे हैं।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा भिलाई इस्पात संयंत्र में अधिकांश कार्य ठेका श्रमिकों द्वारा किया जा रहा है एवं भविष्य में इनके कल्याण एवं वेतन और सुविधाओं में बढ़ोतरी की मांग की एवं मनोबल को बढ़ाने के लिए नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत इनको भी पुरस्कार मिलनी चाहिए एवं निर्धारित वेतन एव ए डब्ल्यू ए मिलने को सुनिश्चित किया जाए एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षित कार्यप्रणाली एवं सुरक्षित कार्य के लिए ठेका श्रमिकों से चर्चा की जाएगी एवं भिलाई इस्पात संयंत्र में शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के सभी सदस्य पूर्ण रूप से भाग लेंगे। बैठक में महाप्रबंधक अजय कुमार एवं स्टील ठेका श्रमिक यूनियन की ओर से संजय कुमार साहू सीपी वर्मा दीनानाथ सिंह सार्वा आर दिनेश गुरुदेव साहू जसबीर सिंह रिखी राम साहू उपस्थित थे।

## मामला भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र का, गर्मी के आते ही बढ़ जाती है परेशानी

# रेलवे की जमीन पर बनाई गई 17 लाख की टंकी के बावजूद नागरिक हैं प्यासे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

जलावर्धन योजना की बंटरबाट लंबे अर्से से भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में होता रहा है। अब तक जनता को पेयजल समस्या से निजात नहीं मिल पाया है। आने वाले गर्मी में फिर पेयजल को लेकर लोगों को परेशानी झेलना पड़ेगा। टंकी बस्ती वार्ड में 17 लाख रुपए की लागत से बनाया गया था। लेकिन रेलवे की जमीन पर बिना अनुमति के टंकी का निर्माण कराया गया। जिसे रेलवे ने पूरी तरह से बंद कर दिया। अब यहां के सागर पारा, बस्ती वार्ड, शिवमंदिर वार्ड के लोगों को हर गर्मी में पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के अधिकारियों की कमीशनखोरी के चलते ही जलावर्धन योजना के लिए बनाए गए उक्त 17 लाख की टंकी का आज कोई उपयोग नहीं है। बल्कि शासन के रुपए का अधिकारियों ने जमकर दुरपयोग किया है। अब रेलवे टंकी के उपयोग के लिए मना कर दिया है। इसके लिए वार्ड पार्षद समेत कई जनप्रतिनिधियों ने रेलवे डीआरएम का चक्कर काटते रह गए लेकिन वार्ड के लोगों का प्यास नहीं बुझ पाया है। उक्त टंकी से वार्ड 31 शिव मंदिर, 32 बस्ती वार्ड देवबलौदा ,33 सागर पारा के लोगों की पेयजल समस्या दूर होती। मगर भिलाई-चरोदा निगम के अधिकारियों की मनमौजी के चलते सरकार के लाखों रुपए को बर्बाद कर दिया है।

### वार्ड 31, 32,33 में पेयजल है दिक्कत

#### इन वार्डो में दिक्कत

भिलाई तीन स्थित विश्व बैंक कालोनी, इंदिरा पारा, शांति नगर, नेहरू नगर, गांधी नगर, आजाद चौक, देवबलौदा समेत चरोदा शहरी क्षेत्र के कुछ वार्डों में पानी की दिक्कत हमेशा हुआ करती है। निजी व सार्वजनिक नलों की धार या तो पूरी सुख गई है। ऐसे में जब गर्मी के शुरु होते ही भू जल के स्तर में गिरावट ज्यादा बढ़ जाएगी। तब पेयजल का सकट भिलाई-चरोदा में बढ़ जाएगा। भिलाई-चरोदा जल आवर्धन योजना का काम वर्ष 2015 में शुरु हुआ था। लेकिन इसे पूर्ण दिसंबर 2016 तक किया जाना था।



#### चार साल पहले शुरु होना था योजना

जला वर्धनयोजना को वर्ष 2020 के अंतिम तक भिलाई-चरोदा चरोदा निगम क्षेत्र की जनता के लिए शुरु होना था लेकिन निगम प्रशासन व कुछ जनप्रतिनिधियों की कमीशन खोरी के चलते इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। योजना के तहत 14 नई टंकियों का निर्माण होना था। लेकिन सिर्फ 13 टंकी बनकर तैयार हो चुकी है। मगर देवबलोदा वार्ड में टंकी बननी थी। जिसे रेलवे ने रोक दिया है। अब इसका उपयोग भी नहीं किया जा सकता है। इस बार फिर गर्मी में टैंकर से जला पूर्ति खारुन नदी का पानी वार्डो नहीं पहुंचने से निगम के टैंकर के भरोसे ही गर्मी भर लोगों को रहना पडेगा।

#### 14 टंकी बनना था लेकिन 13 ही बना

अब जब पेयजल समस्या को दूर करने निगम कार्यालय वार्ड के लोग और पार्षद पहुंचते है तो उन्हें दूसरे जगह पर नई टंकी निर्माण करने स्थल चयन करने की बात कहकर लौटा दिया जा रहा है। दो- तीन माह बाद गर्मी शुरु होने वाला है जलआवर्धन का काम भी 40 वार्डो में पूरी तरह फेल हो चुका है। इसके बाद भी देवबलौदा में नई टंकी के निर्माण को लेकर अब तक किसी भी प्रकार की सुगबुगाहट नहीं होने से वार्ड के लोगों में आक्रोश की भावना आ गई है। 14 टंकी बनना था लेकिन 13 ही बन पाया देवबलौदा के लोग पेयजल के लिए सिरसा वार्ड के भरोसे रहना पड़ रहा है। उक्त वार्ड के लोगों के लिए पेयजल समस्या दूर करने के लिए कोई कार्य अब तक नहीं किया गया है।

#### नहर पानी बंद होने और भी दिक्कत



“ टंकी का निर्माण होना था जिले रेलवे ने रोकवा दिया है। वार्ड के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के समय पेयजल के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। तीन वार्ड इसके चपेट में आते है। नहर पानी बंद होने से संकट और बढ़ गया है।

**राम कुमार सूर्यवंशी,** पूर्व पार्षद नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा

#### व्यवस्था की जाएगी



“ वार्डो में पेयजल की समस्या नहीं है। कुछ क्षेत्रों में होगा उसे अपडेट किया जाएगा। रेलवे क्षेत्र में बने टंकी का काम मेरे कार्यकाल का नहीं है।जिसे भी दिखाया जाएगा। पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था किया जाएगा।

**डीएस राजपूत,** आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा

# विधायक देवेंद्र की सेक्टर 5 कार्यालय में भेंट मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

विधायक देवेंद्र यादव ने रविवार को सेक्टर 5 स्थित कार्यालय में चौपाल लगाया। जेल से आने के बाद पहली बार विधायक ने चौपाल लगाया। जहाँ हजारों समर्थक अपने नेता से भेंट मुलाकात करने हालचाल पूछने पहुंचे। सुबह से ही सेकड़ो लोगों का भीड़ लगनी। जहां उन्होंने युवा साथी, महिलाएं, विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मंडल भी मुलाकात करने पहुंचे. सभी ने विधायक का कुशलक्षेम जाना, हालचाल पूछे। विधायक ने भी लोगों से मिले सभी का हालचाल जाना. लोगो ने अपनी समस्या भी बताई जिनके समस्याओं का समाधान किया। करीब 6 माह बाद अपने नेता से मिलाकर लोगों में काफ़ी उत्साह का माहौल। वहीं कुछ लोगों ने राशन कार्ड बनाने, शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूल में प्रवेश को लेकर अपनी बात रखी। जिस पर विधायक ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशत किया और राशन कार्ड को जल्द से जल्द बनाने कहा। निजी अस्पताल में भर्ती मरीजों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन को फोन कर सहयोग करने कहा। इसके अलावा बहुत सुपेला क्षेत्र की महिलाएं व पुरूष, जिन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था, वे भी विधायक के पास योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग लेकर पहुंचे थे। जिन्होंने अपनी परेशानी विधायक को बताई और विधायक श्री यादव ने संबंधित अधिकारियों को फोन कर जरूरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बता दें कि विधायक यादव अपने कार्यालय में पहुंचने वाले हर व्यक्ति से मुलाकात करते हैं उनकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करते है ।

- लोगो से मिले और सबका जाना हालचाल

# नवनिर्वाचित सरपंच की पहल पर पंचायत में पूजा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

दुर्ग जिले का एक ऐसा ग्राम पंचायत जहां पंचायत भवन बनने के करीब 70 साल बाद पंचायत भवन में नवनिर्वाचित सरपंच की पहल पर शनिवार एक मार्च को पूजा पाठ की गई। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच, 20 वार्डों के पंच सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद थे।

शनिवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के निकुम ग्राम पंचायत में पहली बार पूजा पाठ की गई। नवनिर्वाचत सरपंच भागवत पटेल की पहल पर सभी पंच और ग्रामीणों की मौजूदगी में सत्यनारायण की पूजा की गई। सरपंच पटेल ने बताया कि निकुम में ग्राम पंचायत बनने के बाद पहली बार यहां पूजा पाठ का आयोजन किया गया। सभी के जीवन में प्रगती और खुशहाली, गांव की चहुमुखी विकास और ग्रामीणों की उज्जवल भविष्य के लिए सत्यनारयण की पूजा की गई।

- नवनिर्वाचित पंच सहित ग्रामीण हुए शामिल

## बीएसपी का कर्मचारी सहायता कार्यक्रम

# तनावमुक्त रहने कर्मी मानसिक स्वास्थ्य पर दें विशेष ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल के कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) के तहत, भिलाई इस्पात संयंत्र ने मेसर्स ईएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से भिलाई निवास में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने किया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, डॉ .एके पंडा, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, डॉ रविंद्रनाथ एम, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक उपस्थित थे। ईएपी के अधिकारियों ने व्यस्ततम जीवन में तनावमुक्त रहने के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर बल दिया। उन्होंने कर्मचारियों को सूचित किया कि उनकी परामर्श सेवाएं टेलीफोन पर चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं। इसके अलावा वीडियो कॉल पर परामर्श, प्रत्यक्ष परामर्श, आपातकालीन परामर्श और गंभीर घटना प्रबंधन भी उपलब्ध हैं। कर्मचारियों के लिए यह विशेष कर्मचारी सहायता



कार्यक्रम (ईएपी) शुरू किया है, जिसका उद्देश्य व्यावसायिक काउंसलिंग सेवाएं प्रदान करना है। सेल के नियमित कर्मचारी एवं उनके परिवार के तीन आश्रित सदस्य निःशुल्क परामर्श सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

गोपनीयता और निजता बनाए रखने के लिए, मेसर्स ईएपी इंडिया प्राइवेट लि. को आधिकारिक सेवा प्रदाता के रूप में चुना गया है। कर्मचारी अपने व्यक्तिगत और कार्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्याओं पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन और परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। उनकी सभी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। कोई भी नियमित सेल कर्मचारी इस ईएपी सेवा का लाभ उठा सकता है।

# शिक्षकों की डांट माता-पिता के प्यार से भी श्रेष्ठ, अनुशासित बच्चे हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

शासकीय हाई स्कूल मोहलाई में पुरस्कार वितरण एवं बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सरपंच डॉ नरेन्द्र निषाद का अभिनंदन शाला परिवार की ओर से प्राचार्य लखन लाल साहू ने शॉल भेंटकर किया। सांसद प्रतिनिधि एसएमडीसी रोमनाथ देवांगन, पूर्व सरपंच भरत निषाद, समस्त नव निर्वाचित पंचों का अभिनंदन शाला परिवार की ओर से किया गया।

कार्यक्रम के दौरान अनुशासित, बेस्ट उपस्थिति, क्रीड़ा, साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं अकादमिक उपलब्धि के लिए छात्रों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार दिया गया। कक्षा 9वीं के छात्रों ने 10वीं के

- मोहलाई स्कूल में पुरस्कार वितरण और बिदाई समारोह का आयोजन





छात्रों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सरपंच ने बधाई देते हुए कहा कि सबसे पहले शाला भवन निर्माण के लिए प्रयास किया जाएगा। फिर स्थानीय जरूरत को मिलकर पूरा करेंगे। सभा को रोम नाथ देवांगन, भरत निषाद ने भी संबोधित किया। प्राचार्य लखन लाल साहू ने कहा शिक्षकों का डांट माता-पिता के प्यार से श्रेष्ठ होता है। दुनिया में शिक्षक ही ऐसा है जो छात्र को अपने से श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं। मंच संचालन गीतांजलि तिवारी ने किया। इस अवसर पर नीलेश श्रीवास्तव, अशोक साहू, अनिल मिंज, दानिश्वर साहू, रविकांत वाघे, कविता, अभिषेक वाघेला, मुकेश तीरपूरे, हेमन्त देवांगन, गौरी दुबे, अंजलि साहू, आशीष एवं रानी गहने सहित सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही।

# नेवई मरोदा का जमीन हस्तातंरण सांसद विजय का माना आभार



**भिलाई।** नेवई-मरोदा के लोगों ने बी एस पी अधिपत्य की जमीन राज्य शासन को हस्तांतरित कर पट्टा देने का मुद्दा संसद में उठाने के लिए सांसद विजय बघेल का आभार व्यक्त किया। पट्टा अधिकार संगठन रिसाली सांसद निवास सेक्टर 05 भिलाई पहुंचे। यहां सांसद से मुलाकात कर संसद सत्र में नेवई मरौदा क्षेत्र वासियों की सबसे बड़ी पट्टा की मांगों को संसद में पहली बार उठाया गया था। इस मुद्दे का निराकरण आपके माध्यम से जल्द से जल्द ही हों और ताकि केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ ग्रामवासी को मिल सके। सांसद बघेल ने आश्वासन दिया कि जैसे शासन का निर्देश होगा सबको इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भागत बुंदेला, उपेन्द्र रिगरी, तमेश साहू , गौकरण मंडले संगीता राय से जांगड़े इंद्र साहू आदि मौजूद थे।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 9755819129


04



स्प्रिंग का जादू

## लाइव इवेंट

## सिद्धिविनायक मंदिर मण्डलाभिषेकम में ट्रिपल एम ने दी प्रस्तुति



**भिलाई।** सेक्टर-5 स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में ट्रिपल-एम की तरफ से भजनों की प्रस्तुति दी गई. यह आयोजन मण्डलाभिषेकम म्यूजिक कंसर्ट्स के तहत किया गया था। यह आयोजन प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार किया जाता है। डेढ़ घंटे चली भजन संध्या में 16 भजनों की प्रस्तुतियां दी गईं। भजन संध्या का आगाज संदीप घुले गणपति की आराधना से की गई। पश्चात श्याम शेखर, अलका शर्मा, दीपक रंजन दास, राजेन्द्र जोगलेकर, सतीश जैन, जीएस वेंकट सुब्रमणियम एवं डॉ शशिभूषण साहू ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। ओ शंकर मेरे, इतनी शक्ति हमें देना दाता, श्रीकृष्ण गोविन्द, ओंकार प्रधान, नमो नमो हे शंकरा, सुबह सुबह ले, तोरा मन दर्पण, कान्हा आन पड़ी, अच्युतम केशवम, मुझे तूने दाता एवं अम्बे चरण कमल पर श्रोता झूम उठे। मंदिर समिति के अध्यक्ष जीएस वेंकटसुब्रमणियम ने तमिल में तिरुप्परम कुंड्राथिल तथा राजेन्द्र जोगलेकर ने मराठी में विट्ठल आवाडी की मोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डॉ. अलका दास भी उपस्थित थीं। वेंकटसुब्रमणियम ने बताया कि मंदिर में स्थापित देवताओं की शक्तियों को बढ़ाने के लिए यह आयोजन प्रत्येक 12 वर्षों में एक बार किया जाता है। इस दौरान विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस वर्ष गर्भगृह में स्थापित गणपति विग्रह के आसन को स्वर्ण से आवेष्टित किया गया जिसके कारण इसे हम स्वर्णाभिषेकम कह रहे हैं। इस अवसर पर 45 दिनों तक प्रतिदिन संगीत एवं भजन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने ट्रिपल-एम के संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चतुर्वेदीजी का भी स्मरण किया जो प्रवास पर होने के कारण आयोजन में उपस्थित नहीं हो पाए थे। मंदिर समिति की तरफ से सभी भजन गायकों का सम्मान कर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर प्रसाद दिया गया।

## सिटी इवेंट

## जिला स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव में शामिल होंगे सीएम विष्णुदेव साय



**भिलाई।** दुर्ग जिला देवांगन समाज के तत्वावधान में जिला स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन 9 मार्च को धमधा रोड दुर्ग में किया जा रहा है। समारोह में मुख्य मंत्री विष्णु देव साय सहित प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक सहित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में विजयी देवांगन समाज के 100 से अधिक नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। रविवार को बैकुंठ धाम कैम्प -2, भिलाई स्थित देवांगन सामाजिक भवन में आयोजित दुर्ग जिला देवांगन समाज की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन ने की। बैठक में जिला सचिव धनुष राम देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेंद्र लिमजे, देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, कैम्प -2 अध्यक्ष भेदूराम देवांगन, पाटन ब्लाक अध्यक्ष मनोहर देवांगन, अलखराम देवांगन सहित जिला, ब्लाक, मंडल इकाई के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पुरानिक राम देवांगन ने कहा कि दुर्ग जिला स्तरीय परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन भव्य होगा, जिसमें दुर्ग जिला देवांगन समाज के सभी ब्लाक, मंडल एवं इकाई के समाज के लोग शामिल होंगे। 9 मार्च रविवार को प्रातः 10 बजे माता परमेश्वरी की पूजा अर्चना के पश्चात दिन भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। उन्होंने बताया कि परमेश्वरी महोत्सव में मुख्य मंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। मंत्री लखनलाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद विजय बघेल, जिले के विधायक गण ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव, रिकेश सेन, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग की नवनिर्वाचित महापौर अलका बाघमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि गण, देवांगन समाज के प्रदेश, जिला, ब्लाक, मंडल के पदाधिकारी गण आमंत्रित किए गए हैं।

### पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी

उन्होंने बताया कि आमंत्रित अतिथियों के सम्मान के साथ ही नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में विजयी देवांगन समाज के 100 से अधिक नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। समाज में विशिष्ट योगदान देने वाले समाज सेवियों का भी सम्मान होगा। बैठक में परमेश्वरी महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई है। बैठक में समाजिक प्रकरणों एवं अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला देवांगन समाज के अध्यक्ष पुरानिक देवांगन, सचिव धनुष देवांगन, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र लिमजे, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कीर्ति देवांगन, सचिव फुलवा देवांगन, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष देवांगन, सचिव तेजराम देवांगन, शहर ब्लाक अध्यक्ष राकेश देवांगन, आयोजक इकाई अध्यक्ष कैलाश महाजन, सचिव लोकेश देवांगन, संत माताजी सहित जिला, ब्लाक, मंडल इकाई के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। जिले के पदाधिकारियों ने परमेश्वरी महोत्सव में दुर्ग जिले के सभी देवांगन जनों से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## शासकीय शिक्षा महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

# कोविड ने शिक्षा और स्वयं को देखने का बदला नजरिया आमजन को जीवन के प्रति सोचने का मिला नया दृष्टिकोण

**शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय में गाइडेंस काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा कैरियर निर्देशन एवं परामर्श विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि डॉ. दीपा दास (सहायक प्राध्यापक) के द्वारा कैरियर निर्माण से संबंधित तथा डॉ .भास्कर देवांगन द्वारा प्रशिक्षार्थियों को रिज्यूम, सीवी, बायोडाटा तथा साक्षात्कार से संबंधित विभिन्न जानकारी प्रदान की गई 1 कार्यक्रम के आरंभ में स्वागत भाषण के दौरान सीओई के व्याख्याता धारा बेन ने अतिथि का परिचय देते हुए उनकी उपलब्धियां एवं कार्यों से समस्त छात्र अध्यापकों को अवगत कराया 1**



**भिलाई।** मुख्य अतिथि ने बताया की कोविड ने कैसे हमें शिक्षा को तथा स्वयं को देखने का एक बार पुनः नया दृष्टिकोण दिया है। उन्होंने युवल नवा फेरारी की किताब 21वीं सदी के लिए 21 पाठ का जिक्र करते हुए बताया कि हमें सोचना कैसे है यह तरीका सीखना पड़ेगा ।जिन्होंने अपने आप को अद्यतन किया है वहीं वर्तमान में स्वयं को सेवाओं तथा उद्यमों में स्थापित कर पाया. है 1 प्राकृतिक आपदाओं का करियर काउंसलिंग से संबंधों पर चर्चा हुई 1 डॉ. दीपादास ने करियर तैयार दक्षता क्या है पर चर्चा की एवं बताया कि पहले के पढ़े-लिखे व्यक्ति में दक्षता का अभाव होता था किंतु अब एनईपी 2020 के अनुसार दक्षता पर विशेष ध्यान दिया गया है 1 भारत के एईपी 2020 स्कूल



शिक्षा नीति पूर्ण तरीके से अधिगम वातावरण का निर्माण करने वाली है जो खोज आधारित अधिगम को बढ़ावा देता है 1 आगे उन्होंने बताया कि माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को ध्यान में रखकर एनईपी 2020 छात्रों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है 1 करियर के क्षेत्र में आज भी मानव का महत्व बना हुआ है जबकि चैट जीपीटी एवं रोबोट जैसी तकनीक दुनिया भर में विख्यात हो चुकी है 1 समय के आधार पर करियर काउंसलिंग के तरीके में परिवर्तन हुआ है विशेष रूप से कोविड के बाद 1 उन्होंने आगे बताया कि मस्तिष्क आधारित करियर काउंसलिंग पर भविष्य में करियर के बेहतर विकल्प हैं 1 बाएं मस्तिष्क एवं दाएं मस्तिष्क की प्रभावशीलता एवं सक्रियता हेतु स्व-आकलन को महत्तवपूर्ण बताया तथा मस्तिष्क आधारित शक्ति व संबंधित करियर क्षेत्र पर चर्चा की गई 1 परंपरागत एवं आधुनिक करियर काउंसलिंग की भिन्नता पर बातें हुई 1 छात्रों को कैरियर निर्देशन देने के पहले कुछ बातों को समझने पर जोर दिया गया जैसे मूल्य, व्यक्तित्व, रुचि, अधिगम के तरीके आदि । डॉ.भास्कर देवांगन के द्वारा रिज्यूम, बायोडाटा, सीवी में अंतर तथा उन्हें आकर्षक और प्रभावी बनाने एवं साक्षात्कार हेतु कैसे तैयारी करनी चाहिए इस पर गहन चर्चा की गई। मुख्य अतिथियों के द्वारा किसी करियर के प्रति किसी की गंभीरता कितना महत्वपूर्ण है इसे कहानी के माध्यम से बताने का प्रयास किया गया और कार्यक्रम के अंत में छात्र अध्यापकों के सवालों के जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया , कार्यक्रम में प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती धारा बेन लिंक अधिकारी डॉ स्वीटी चंद्राकर, प्लेसमेंट प्रभारी शेष शुभ वैष्णव, डॉक्टर सीमा अग्रवाल ,अनुपमा अंबष्ट, रुखमणी सोनी एवं डॉ भावना बैरागी उपस्थित थे।



# 51 जोड़ों का हुआ पाणिग्रहण संस्कार

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संरक्षक एवं निवृत्तमान अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि सनातन धर्म की संस्कृति के अनुरूप 51 सनातनी कन्याओं का निःशुल्क सामूहिक विवाह का आयोजन रायपुर के होटल एंट्री पॉइंट में संपन्न हुआ। सभी वर-वधु को शादी के उपहार एवं मिठाई भी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बसना के विधायक संपत अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने भी सभी वर-वधु को आशीर्वाद दिया। संगठन के अध्यक्ष डॉ.अशोक अग्रवाल ने कहा कि किसी सामाजिक संगठन द्वारा संभवत पहली बार 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह का सफल आयोजन हुआ। उन्होंने 51 जोड़ों एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त किया। संगठन के संरक्षक सियाराम अग्रवाल, महेंद्र सकसेरिया एवं जयदेव सिंघल ने बताया कि आर्य समाज के 51 पंडितों द्वारा पूरे विधि-विधान से पानी ग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। प्रदेश के पूरे अग्रवाल समाज के सदस्यों ने इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया। संगठन मंत्री संजय गर्ग एवं कोषाध्यक्ष पंकज कृतिका ने बताया



कि संगठन के सभी पदाधिकारी तत्परता से जुटे रहे वहीं नारी शक्ति ने भी इस कार्यक्रम में अपना भरपूर योगदान प्रदान किया 1

युवा संगठन के अध्यक्ष आशीष सक्सेरिया एवं महिला अध्यक्ष गंगा अग्रवाल ने बताया कि समारोह स्थल को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया। भोजन एवं आवास व्यवस्था उच्च स्तरीय प्रदान की गई। चेयरमैन हेमलता मित्तल एवं संगीता अग्रवाल ने बताया कि विगत दो माह से इस कार्यक्रम की तैयारी पूरे जोर-शोर से चल रही थी। सचिव विनोद तर्रा, शोभा केडिया व पूनम गोयल ने बताया कि हल्दी एवं मेहंदी के कार्यक्रम में वर-वधु के रिश्तेदार एवं संगठन के सभी पदाधिकारी नृत्य कर रहे थे। वर-वधु के रिश्तेदारों ने अग्रवाल संगठन के प्रति स्नेह प्रदर्शित करते हुए कहा कि ऐसी भव्य शादी की कल्पना तो हमने भी नहीं की थी।

# देवांगन समाज के कुल देवी माँ परमेश्वरी महोत्सव में शामिल हुए सांसद विजय

**भिलाई।** पाटन नगर देवांगन समाज पाटन के तत्वावधान में मां परमेश्वरी महोत्सव का कार्यक्रम देवांगन समाज भवन पाटन में किया गया। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर मां परमेश्वरी से आशीर्वाद मांगा। दुर्ग सांसद विजय बघेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अध्यक्षता जितेंद्र वर्मा, विशेष अतिथि योगेश निक्की भाले अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन, चंद्रप्रकाश देवांगन पार्षद वार्ड क्रमांक 1, केवल देवांगन पार्षद वार्ड-11 के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

समाज के गौरव सीजीपीएससी में चयनित स्वजातीय अधिकारियों एवं नगर गौरव सम्मान से पत्रकार संतोष देवांगन का सम्मान सांसद विजय बघेल के कर कमल से किया गया। इस दौरान समाज के द्वारा सांसद विजय बघेल को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। बघेल ने कहा कि देवांगन समाज के कार्यक्रम में मुझे आने का अवसर मिला।



## मस्जिदों और घरों में हो रही तरावीह की विशेष नमाज

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** इस्लाम के पवित्र महीने रमजान की शुरुआत रविवार से हो गई। शनिवार 1 मार्च की शाम को तरावीह की पहली नमाज हुई। आलम-ए-इस्लाम में इस महीने की आमद के मद्देनजर शहर के मुस्लिम समाज ने एक-दो दूसरे को मुबारकबाद दी। रोजे, नमाज, कुरआन और तरावीह के महीने को लेकर शनिवार की रात को सभी मस्जिदों से ऐलान किया गया। शनिवार से तरावीह की शुरुआत भी हो गई। मुस्लिम समुदाय में मान्यता है कि यह महीना अल्लाह को सबसे अधिक पसंद है। इस पूरे महीने मुसलमान रोजा रखेंगे। यानि सुबह-ए-सादिक (सूर्योदय से पूर्व) से लेकर तुलूब-ए-आफताब (सूर्यास्त तक) मुस्लिम समाज के लोग न कुछ खाते है और न ही पीते है। रमजान में लोग तमाम इबादतों के साथ अपने दिन और रात गुजारते है। रमजान की वजह से बाजार में भी रौनक है। सेवई और मेवे की दुकानें सज गई है।

# शुरु हुआ इस्लाम का पवित्र महीना रमजान नमाज और रोजे की इबादत में डूबे लोग



### साइंस में भी है रोजे का महत्व

विज्ञान की मानें तो रोजा सेहत के लिए फायदेमंद होता है और इंटरमिटेंट फास्टिंग (दिनभर कुछ भी न खाना) वजन कम करने का लोकप्रिय तरीका होता जा रहा है। क्या खाना है इस पर फोकस करने की बजाय इंटरिटेंट फास्टिंग में खाने के समय को लेकर बात होती है। इसमें हर दिन कुछ निश्चित घंटों के लिए खुद को भूखा रखना शामिल है। इसके पीछे का विचार है कि आपका शरीर एक बार में पूरी शुगर को इस्तेमाल कर लेता है, तो इसके बाद यह फैट का इस्तेमाल करता है और इससे वजन कम होता है। इस प्रक्रिया को मेटाबोलिक स्विचिंग के नाम से जाना जाता है। अध्ययनों ने दिखाया है कि इंटरमिटेंट फास्टिंग से सेहत को जो फायदा होता है उसमें ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्राल का कम होना। शरीर के अंदर सूजन में कमी आना। इंसुलिन रेस्पांस में सुधार और टाइप 2 डायबीटीज का खतरा कम होना। रमजान के रोजा में ये सारे फायदे होते हैं।

न्यूट्रशनिस्ट कहते है कि आम तौर पर रमजान में लोगों का वजन एक किलोग्राम तक कम हो जाता है, लेकिन वह चेतावनी भी देती है, अगर आप इफ्तार में अधिक भोजन लेंगे तो वजन बढ़ भी सकता है। उनके मुताबिक, इंसानों में अधिक खाने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है। हमें जितने ही पकवान दिए जाएं हम उतना ही खाते हैं और स्वाभाविक है कि इफ्तार के दौरान खानों से सजी एक बड़ी मेज इसका सटीक उदारहण है। आपके सामने जो कुछ भी आए, सब खाने की जरूरत नहीं है। इसलिए चुनिंदा चीजें खाएं और धीरे धीरे खाएं।



## सिटी इवेंट

# विश्वकर्मा मंदिर से. 2 में प्राण प्रतिष्ठा, कलश यात्रा निकली



**भिलाई।** विश्वकर्मा समाज कल्याण केन्द्र भिलाई नगर के तत्वावधान में सेक्टर 2 सड़क 2 परसुराम भंवन के पीछे भिलाई नगर में स्थित श्री विश्वकर्मा मन्दिर की मे श्री विश्वकर्मा भगवांन व संकट मोचन हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह का आयोजन विशाल कलश यात्रा से प्रारंभ हुआ । जिसमें समाज की 51 महिलाये सिर पर कलश लेकर कार्यक्रम स्थल से सेक्टर 2 तालाब तक पैदल बेंड बाजे के साथ गई।वहां से जल भर कर कार्यक्रम स्थल पर वापस आई। पहले दिन वेदी निर्माण व भगवान का आह्वान कार्यक्रम हुआ । शनिवार को कलश यात्रा शोभा यात्रा निकाली गई। पूजा पाठ के बाद सन्ध्या सुन्दर कांड का पाठ हुआ। 2 मार्च की सुबह 10 बजे सन्ध्या 4 बजे तक भगवान श्री विश्वकर्मा व संकट मोचन हनुमान जी का अन्न जल बस्त्र मे अधिवास का कार्यक्रम हुआ । 3 मार्च को भगवान की प्राण प्रतिष्ठा पूजन हवन और पूजा उपरान्त प्रसाद वितरण एवम विशाल महा भंडारा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छग भोजपुरी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, मृत्युजय भगत, समाज के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा , सरक्षक निशिकान्त शर्मा, सुसील शर्मा,बिहारी लाल शर्मा,रमा शकर शर्मा, स्याम शर्मा,युवा अध्यक्ष राकेश शर्मा, महिला अध्यक्ष विमला शर्मा,रीना विश्कर्मा, कोषाअध्यक्ष नन्दकिशोर शर्मा, आई डी शर्मा, पारस नाथ शर्मा, मोहन शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, मीना शर्मा,मानिक लाल शर्मा, ताराचंद शर्मा,अशोक विस्वकर्मा,छाया शर्मा,ममता,पायल, संजना शर्मा सहित समाज की महिलाएं मौजूद रहे।



## धर्म इवेंट

# संस्कृति भारत की पहचान, अल्का ने की संस्कृत प्रेमियों से मुलाकात



**भिलाई।** दुर्ग की नई महापौर अलका वाघमार से संस्कृत प्रेमियों ने मुलाकात की। अनौपचारिक भेंट में संस्कृत प्रेमियों ने संस्कृत के महत्व संस्कृत के लिए किया जा रहे कार्यों की जानकारी साझा की। प्रो. जैनेंद्र कुमार दीवान ने संस्कृत में उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने संस्कृत के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्कृत विश्व की प्राचीन भाषा है। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने संस्कृत की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने घर से ही संस्कृत शिक्षण, संस्कृत संभाषण और गीता पाठ की कक्षाएं चला रहे हैं। यह कक्षा प्रति गुरुवार को आयोजित होती है। इस कक्षा में बच्चे-बूढ़े, स्त्री-पुरुष सभी शामिल होते हैं। संस्कृत और संस्कार दोनों एक साथ जुड़े हैं। व्यक्ति संस्कृत से जुड़कर के संस्कार से जुड़ जाता है। यह कक्षा वर्तमान में ऑनलाइन ऑफलाइन दोनों ही मोड में चल रही है। डॉ अजय आर्य ने अलका वाघमार से गुरुवार को चलने वाली इस कक्षा में आने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर दिलीप गुप्ता, प्रो जनेन्द्र कुमार दीवान जनपद संयोजक संस्कृत भारती दुर्ग, ईश्वरी देवांगन संस्कृत व्याख्याता, रीतादास संस्कृत व्याख्याता, अरविंद लोखंडे सहित आर्य समाज के विद्वान और संस्कृति प्रचारक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

- **दुर्ग में लग रही संस्कृत सीखने और पढ़ने के लिए कक्षाएं**

## इवेंट लाइव

# पर्यावरण मित्र मंडल ने किया पौधारोपण



**भिलाई।** पर्यावरण मित्र मंडल भिलाई के संरक्षक बालू राम वर्मा के नेतृत्व में विगत चार दशकों से भिलाई को सुन्दर, स्वच्छ एवं हरियाली से भरपूर करने के लिए चलाए जा रहे अभियान की इस कड़ी में रविवार को सिविक सेंटर जीवन बीमा निगम ऑफिस के सामने मैदान पर विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं छायादार पीपल, बरगढ़, अमला आम, शहतूत, आदि पौधों का रोपण किया गया। इस मुहिम में चंद्रशेखर बैस, मारुति बल,लखन लाल, दीपेश वर्मा ,नरेश ,मनोज चौबे, समृत ,शिवांगी का सहयोग प्राप्त हुआ।

---

● रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में स्टार्टअप समिट में हुई घोषणा

# छत्तीसगढ़ के स्टार्टअप्स को फंडिंग देने भिलाई में बना एंजल इनवेस्टर्स नेटवर्क

भिलाई। छत्तीसगढ़ के यंग आंत्रप्रेन्योर्स के बिजनेस आइडिया को परखकर उनको फंड देने के लिए रविवार को एंजल इनवेस्टर्स नेटवर्क की शुरुआत हो गई। देश के 30 नामी एंलज इनवेस्टर्स अब एक साथ मिलकर एक इन्यूबेशन सेंटर की तरह काम करेंगे। छत्तीसगढ़ के स्कूल, कॉलेजों में पढने वाले विद्यार्थियों सहित ग्रहणियां, नौकरीपेशा, स्माल स्केल बिजनेस से लेकर कोई भी सामान्य व्यक्ति जिसके पास अपना स्टार्टअप आइडिया मौजूद होगा, एंजल इनवेस्टर्स से फंड रेज कर सकेगा। यह घोषणा रविवार को भिलाई के रूंगटा आर-1 इंजीनियरिंग कॉलेज में चल रहे छत्तीसगढ़ आंत्रप्रेन्योरशिप स्टार्टअप समिट (चैस) के समापन सत्र में की गई। कार्यक्रम के समापन सत्र में देश के टॉप मोस्ट स्टार्टअप के फाउंडर और सीईओ जुटे। उनके साथ हुए पैनल डिस्कशन में उन्होंने अपने बिजनेस की शुरुआत से लेकर शिखर तक पहुंचने की जर्नी समझाई। स्टार्टअप में आने वाली चुनौतियों से निपटने का तरीका भी समझाया। कार्यक्रम में अविनाश बिल्डर्स के संचालक आनंद सिंघानिया को आंत्रप्रेन्योर एक्सीलेंस लाइफ टाइम अवॉर्ड से सम्मानित भी किया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के पांच यंग स्टार्टअप भी सम्मानित हुए। इसमें रायपुर के जैफ मसाले, रिपीट गुड स्टार्टअप की फाउंडर ईशा जवाहर और रायपुर के स्टार्टअप वी स्नैप यू के फाउंडर तरणबीर सहानी को छत्तीसगढ़ अमेजिंग स्टार्टअप सम्मान से नवाजा गया।



### शार्क के सामने की गई पिचिंग, मिलेगा फंड

कार्यक्रम का आखिरी दिन सभी स्टार्टअप के लिए बेहद खास था। उन्हें स्टार्टअप के आइडिया को इनवेस्टर्स के सामने रखना था। इसके लिए शार्क टैंक इंडिया की तर्ज पर माहौल बनाया गया, जिसमें एक-एक करके स्टार्टअप ने अपने बिजनेस की बारीकियां समझाई। जिस डील में इनवेस्टर्स ने रुझान दिखाया, उन स्टार्टअप के ओनर से इक्विटी, डेट, एबीटा, प्रॉफिट और बर्न अमाउंट की जानकारी ली गई। इस साल रूंगटा बिजनेस स्टार्टअप समिट में इनवेस्टर्स को यंग आंत्रप्रेन्योर्स के 12 आइडिया पसंद आए हैं। जिनके स्टार्टअप ओनर्स से आगे की फंडिंग के बारे में कागजी कार्रवाई शुरू हो गई है। इसमें छत्तीसगढ़ के दो स्टार्टअप भी शामिल हुए हैं, जिनको इनवेस्टर्स ने आगे की प्रक्रिया के लिए बुलाया है।



### तरह-तरह के स्टार्टअप सामने आए

छत्तीसगढ़ के छोटे शहरों और कस्बों से भी स्टार्टअप आइडिया इनवेस्टर्स के बीच पहुंचे। दुर्ग संभाग से एक स्टार्टअप ने छत्तीसगढ़ में टूरिज्म बढ़ाने के इरादे से अपने स्टार्टअप की नींव रखी है। यह स्टार्टअप हर साल 18 फीसदी ग्रोथ कर रहा है। ये प्रदेश की पहली कंपनी है, जिसने बस्तर, कवर्धा, सरगुजा सहित कई लोकेशन में एडवेंचर टूरिज्म स्टार्टअप शुरू किया है। इनवेस्टर्स ने इस समिट में आए छत्तीसगढ़ के आइडिया को परखा और उन्हें आगे के फंडिंग प्रोसेस की जानकारी दी।

### भिलाई-दुर्ग में बनेगा स्टार्टअप कल्चर



संस्थान के चेयरमैन संतोष रूंगटा ने बताया कि समिट में वी. फाउंडर सर्कल की को-फाउंडर भावना भटनागर शामिल हुईं। उनकी कंपनी जल्द ही चयनित स्टार्टअप को अगले राउंड के लिए बुलाएगी। इस समिट में इंजीनियरिंग और साइंस के एक हजार विद्यार्थियों को भी नामी कंपनियों के फाउंडर और इनवेस्टर्स से मिलने का मौका मिला। उन्होंने स्टूडेंट्स को स्टार्टअप करने मोटिवेट किया। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर डॉ. सौरभ रूंगटा, डॉ. सोनल रूंगटा, डायरेक्टर जनरल डॉ. मनीष मनोरिया रूंगटा बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ जी. वेणुगोपाल मौजूद रहे।

---

## इस्पाती महिलाओं ने लगाई दौड़

# 'स्टील वूमेन रन 2025' से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शानदार आगाज

**भिलाई।** रविवार की सुबह बजे से ही बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के प्रगति भवन में ढोल नगाड़ों के साथ एक उत्सव का माहौल बन चुका था। धीरे-धीरे इस आयोजन में महिलाओं की भीड़ बढ़ने लगी थी। अवसर था बीएसपी के आफिसर्स एसो. द्वारा आयोजित "स्टील वूमेन रन 2025" का। इस आयोजन में बीएसपी में कार्यरत महिला अधिकारियों तथा अस्पताल की महिला डॉक्टर्स तथा संयंत्र में कार्यरत महिला इंजीनियर्स की उपस्थिति ने इस आयोजन को बेहद उत्साहजनक व प्रेरणादायी बना दिया। इन महिलाओं के चेहरे पर एक नया जोश और जूनून दिखाई दे रहा था। बीएसपी के आफिसर्स एसो. द्वारा आयोजित "स्टील वूमेन रन 2025" की शुरूआत जुम्बा डांस के साथ प्रारंभ हुआ। इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीजीएम निशा सोनी तथा विशिष्ट अतिथि सीएमओ डॉ. विनीता द्विवेदी द्वारा बलून उड़ाकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आगाज किया। तीन वर्ष पूर्व बीएसपी आफिसर्स एसो. के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के पहल एवं नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की परम्परा की शुरूआत की गई थी। इस कड़ी में ओए द्वारा बीएसपी के महिला अधिकारियों के लिए कई कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इसकी पहली कड़ी के रूप में रविवार को प्रगति भवन में 2 किमी "स्टील वूमेन रन 2025" का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यरत महिला अधिकारियों ने बड़े उत्साह से अपनी भागीदारी दी।



### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विविध आयोजन

सेफी चेयरमेन एवं ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने कहा कि इस्पात बिरादरी में नारी सशक्तिकरण एवं उनके सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए इस प्रकार का मंच उपलब्ध कराने की आवश्यकता थी। इसके अतिरिक्त बंछोर ने ओए-बीएसपी द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए उनके प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए किये जा रहे प्रयासों की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।

### महिला सशक्तिकरण का यह प्रयास अनुकरणीय है: निशा

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निशा सोनी ने कहा कि ओए का महिला सशक्तिकरण का यह प्रयास निश्चित ही प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय है। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनीता द्विवेदी ने कहा कि महिला दिवस के इस भव्य आयोजन के लिए टीम-ओए को बधाई दी। आफिसर्स एसो. के महासचिव परविन्दर सिंह ने बताया कि पूर्व सेल चेयरमेन सोमा मण्डल ने 2022 में सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर से चर्चा के दौरान महिला अधिकारियों की भागीदारी को बढ़ाने की बात की थी। महिला दिवस के आयोजन का दूसरा भाग 9 मार्च 2025 को आयोजित किया जाएगा।



### विजेताओं को किया पुरस्कृत

इस दौड़ में ए वर्ग में प्रथम नेहा रानी, द्वितीय डॉ. श्वेता वर्मा, तृतीय गीतांजली, चतुर्थ श्रेया एवं पंचम सादमा खान रहीं। बी वर्ग में प्रथम डॉ. माला चौधरी, द्वितीय संध्या शर्मा, तृतीय अपर्णा चंद्रा, चतुर्थ यामिनी ताम्रकार एवं पंचम रंजीता सोनपीपरे रहीं। सी वर्ग में प्रथम सुजाता, द्वितीय एल बी रत्नम, तृतीय रेणू गुप्ता, चतुर्थ मनीषा नंदी एवं पंचम अल्का तारे रही। डी वर्ग में प्रथम डॉ. सौम्या, द्वितीय डॉ. आयुषी, तृतीय डॉ. शरीन रही। ई वर्ग में प्रथम शुभांगी, द्वितीय मेहर, तृतीय डॉली बरार रही। आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सीजीएम निशा सोनी तथा विशिष्ट अतिथि सीएमओ मेडिकल एवं हेल्थ सर्विसेस डॉ. विनीता द्विवेदी तथा सेफी चेयरमेन व आफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह उपस्थित थे।

## संत पवन दीवान की स्मृति में दीवान की कविताओं का हुआ पाठ



**भिलाई।** रविवार को अगासदिया परिसर में संत पवन दीवान की दसवीं पुण्य तिथि पर विशेष समारोह आयोजित किया गया। दो मार्च 2016 को संत पवन दीवान की स्मृति में उनकी पुण्य तिथि पर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में चर्चित साहित्यकार एवं समाज सेविका डॉ. सोनाली चक्रवर्ती ने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा कि संत पवन दीवान के कई कार्यक्रमों का मैने संचालन करने का अवसर प्राप्त किया। मैं उनके भागवत कार्यक्रमों में सुनने जाती थी। छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान के लिए संत पवन दीवान ने जो काम किया है उसे छत्तीसगढ़ ही नहीं देश भी जानता है। वे उद्भट विद्वान और महान कवि थे। साहित्यकार बद्रीप्रसाद पारकर ने कहा कि हमारे गांव में हमारे परिवार ने उनका भागवत प्रवचन रखा था उस अवसर पर अपार भीड़ देखकर हमने जाना कि दीवान जी को लोग पूजते थे। अगासदिया के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि वे लाल किले में काव्य पाठ करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले सपूत थे। अपने जीवन के अंतिम दस वर्ष दीवान जी ने माता कौशल्या की यश गाथा को समर्पित कर एक बड़ा काम किया। सबने जाना कि माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की बेटी थी और भगवान राम छत्तीसगढ़ के भांचा हैं। संत पवन दीवान जिस क्षेत्र में गए वहां वे अतुलनीय हो गये। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। डॉ. परदेशीराम वर्मा ने बताया कि हम संत पवन दीवान की जिस आवक्ष प्रतिमा की पूजा करते हैं उसे साहित्यकार रसिक बिहारी अवधिया ने उपहार में स्वयं बनाकर दिया है। आमदीनगर वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अरूण अग्रवाल ने कहा कि संत पवन दीवान आमदीनगर में घर-घर जाने जाते थे। उनके नाम पर एक भव्य द्वार मंदिरों के क्षेत्र में बनना चाहिए। आमदीनगर तालाब में संत पवन दीवान हमेशा आते रहे।

---

## एमएसएमई के द्वारा 40 दिन की दी ट्रेनिंग

# उद्यमिता विकास के लिए स्वामी आत्मानंद धनोरा कॉलेज के विद्यार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

कार्नर न्यूज



भिलाई। स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय धनोरा दुर्ग में एमएसएमई के द्वारा आईओटी( इंटरनेट ऑफ थिंग्स) विषय पर 40 दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसके समापन पर प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग दुर्ग डॉ. राजेश पांडेय एवं विशेष अतिथि अभिनव दास मैनेजर एमएसएमई टेक्नोलॉजी केंद्र दुर्ग थे ।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ए ए खान द्वारा की गई। कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अनुसार सरस्वती मां के पूजन से हुआ। तत्पश्चात स्वागत भाषण प्राचार्य के द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने अतिथि द्वय के स्वागत के साथ ही विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रकाश डाला।







### अतिथियों का किया सम्मान, उद्यमी बनने के दिए टिप्स

एमएसएमई के मैनेजर अभिनव दास ने महाविद्यालय के प्रति आभार प्रकट किया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय ने सहयोग प्रदान किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी ट्रेनिंग सेंटर में आने का सुझाव दिया। महाविद्यालय के प्राध्यापक विकास पंचाक्षरी जो इस ट्रेनिंग कार्यक्रम के सूत्रधार रहे। उन्होंने अपने भाषण में विद्यार्थियों को सीखने की भूख और चाहत प्रबल होनी चाहिए कहा । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ राजेश पांडेय ने उद्यमशील कैसे बनते हैं इसका जिक्र किया। डॉ. पांडेय ने कहा कि जो हमारे शौक है या जिसमें हम सहज हैं उसे कार्य को ही आगे बढ़ाकर कोई भी व्यक्ति उद्यमी बन सकता है इसके लिए स्वयं के अंदर सीखने की भूख और कुछ करने की चाहत होनी चाहिए। अतिथियों का सम्मान शाल और श्रीफल भेंट स्वरूप दे कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया साथ ही विद्यार्थियों ने ट्रेनिंग के दौरान उन्होंने जो सीखा उस अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक छाया साहू ने किया। सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमा कुलकर्णी ,कल्पना शुक्ला पांडेय डॉ. स्वाति तिवारी,डॉ. संदीप कुमार अतिथि व्याख्याता रितिका अवस्थी, कुमारी अतिथि सिंग, रेशमा वर्मा ,विद्या वर्मा ने कार्यक्रम में अपना सहयोग प्रदान किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए बीएसपी टीम चुनी जाएगी 5 को




**भिलाई।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा एस.पी.एस.बी. अंतर इस्पात संयंत्र वालीबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन, बोकारो में 18 मार्च से 20 मार्च तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की टीम का चयन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा की जा रही चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाएगा। इस चयन स्पर्धा का आयोजन 05 मार्च को शाम 06:30 बजे से भिलाई इस्पात संयंत्र के वालीबॉल ग्राउंड, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 में किया जाएगा।

भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक, उनके परिवारजन और भिलाई परिधीय क्षेत्र के बेरोजगार युवा खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से बी.एस.पी. वालीबॉल टीम के लिए योग्य खिलाड़ी का चयन किया जाएगा। चयन स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीकरण 05 मार्च 2025 को संध्या 06:00 बजे तक चयनकर्ता दीपक मित्रा एवं अजय कुमार सोनी के पास करवा सकते हैं। इस चयन स्पर्धा के प्रभारी, उप प्रबंधक (की.सा. एवं ना.सु.) अभिजीत भौमिक होंगे।

### सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में बोकारो चैंपियन, भिलाई उपविजेता



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में क्रीडा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा, वॉलीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर-01, भिलाई में हुई सेल वालीबॉल चैंपियनशिप 2024-25 में बोकारो स्टील प्लांट चैंपियन रहा। वहीं भिलाई स्टील प्लांट की टीम उपविजेता रही। 25 फरवरी से जारी इस प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 28 फरवरी को देर शाम आयोजित किया गया। फाइनल में बोकारो ने भिलाई इस्पात संयंत्र को सीधे सेटों में पराजित कर 2024-25 की सेल वालीबॉल चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बोकारो स्टील प्लांट ने पहले सेट में 25-13 और दूसरे सेट में 25-14 से भिलाई इस्पात संयंत्र को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र उपविजेता के रूप में सम्मानित हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा थे। समारोह में विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संदीप माथुर, बीएसपी ऑफिसर्स एसोशियेशन के अध्यक्ष एवं सेफी के चेयरमैन एन के बंछोर, डीएसपी (क्राइम ब्रांच, भिलाई) हेम प्रकाश नायक, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय द्विवेदी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ स्ट्रेटेजिक एचआर एंड पीआईओ) एच शेखर और महासचिव (ओए) परविंदर सिंह मौजूद थे।

इस प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर दुर्गापुर स्टील प्लांट रहा। यह मैच दुर्गापुर और इसको स्टील प्लांट (आईएसपी) बर्नपुर के बीच खेला गया। दुर्गापुर ने (2-1) अंक से यह प्रतियोगिता जीतते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। पहले सेट में 25-16 से, दूसरे सेट में 18-25 से और तीसरे सेट में 15-13 से जीत दर्ज कर दुर्गापुर ने तीसरे स्थान पर विजय प्राप्त की।

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र कबड्डी के लिए बीएसपी टीम चुनी जाएगी कल



**भिलाई।** राउरकेला इस्पात संयंत्र द्वारा एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 14 मार्च से 16 मार्च तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की टीम का चयन क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा की जा रही चयन स्पर्धा के माध्यम से किया जाएगा। प्रतियोगिता में बीएसपी टीम के गठन हेतु पंत स्टेडियम कबड्डी ग्राउंड (सेक्टर-1), भिलाई में 04 मार्च को शाम 5:00 बजे से चयन स्पर्धा आयोजित की जाएगी।

भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्मिक, उनके परिवारजन और भिलाई नगर सीमा के बेरोजगार युवा (बालक) खिलाड़ी इस चयन स्पर्धा में भाग ले सकते हैं। चयन स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी 04 मार्च 2025 को संध्या 5:00 बजे से पूर्व पंत स्टेडियम कबड्डी ग्राउंड (सेक्टर-1), भिलाई में चयनकर्ता राम प्रजापति , रणधीर एवं विकास कुमार के पास अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।


इस चयन स्पर्धा के प्रभारी, उप प्रबंधक (क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ) श्री अभिजीत भौमिक रहेंगे।

क्रोनिक बीमारियों की महामारी का अलर्ट है बढ़ता मोटापा

# तीन दशकों में चार गुना से अधिक बढ़ गई मोटापे की समस्या, हमारी बदलती जीवनशैली जिम्मेदार

अधिक वजन या मोटापा की समस्या, स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंताकारक स्थिति हो सकती है। इसे कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का कारक भी माना जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों का वजन सामान्य से अधिक होता है उनमें डायबिटीज, हृदय रोग और हार्ट अटैक जैसी क्रोनिक बीमारियों और जानलेवा समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। हालिया अध्ययन में विशेषज्ञों ने गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि दुनियाभर में जिस प्रकार से सभी उम्र के लोगों में मोटापे की दिक्कत बढ़ती जा रही है, इसने भविष्य में कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के जोखिम को बढ़ा दिया है। सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल करने के उपाय करते रहना चाहिए।

मोटापे के बढ़ते जोखिमों को लेकर हाल ही में किए गए अध्ययन की रिपोर्ट काफी चिंताजनक है। द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित विश्लेषण के अनुसार, दुनियाभर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की कुल संख्या एक बिलियन (एक अरब) से अधिक हो गई है। शोधकर्ताओं ने कहा, साल 1990 के बाद से कम वजन वाले लोगों की घटती व्यापकता के साथ अधिकांश देशों में मोटापा के शिकार लोगों की संख्या काफी बढ़ी है। बच्चों के साथ-साथ बुजुर्ग भी इसके शिकार देखे जा रहे हैं। अधिक वजन की स्थिति सभी लोगों के लिए समस्याकारक हो सकती है।



## अध्ययन में क्या पता चला?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अन्य सहयोगियों के साथ इस वैश्विक डेटा के विश्लेषण में अनुमान लगाया है कि दुनियाभर के बच्चों-किशोरों में साल 1990 की तुलना में 2022 में, यानी तीन दशकों में मोटापे की दर चार गुना बढ़ गई है। वयस्क आबादी में, महिलाओं में मोटापे की दर दोगुनी और पुरुषों में लगभग तीन गुना से अधिक हो गई। अध्ययन के अनुसार साल 2022 में 159 मिलियन (15.9 करोड़) बच्चे-किशोर और 879 मिलियन (87.9 करोड़) वयस्क मोटापे के शिकार पाए गए हैं।

## कुपोषण का जोखिम



रिपोर्ट के मुताबिक साल 1990 से 2022 के बीच, विश्वभर में कम वजन से प्रभावित बच्चों और किशोरों का अनुपात लड़कियों में लगभग पांच हिस्सा और लड़कों में एक तिहाई से अधिक कम हो गया है। इसी अवधि में कम वजन के कारण प्रभावित वयस्कों का अनुपात भी आधे से भी अधिक कम हुआ है।


गौरतलब है कि मोटापा और कम वजन, दोनों ही कुपोषण के रूप हैं और कई मायनों में लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। नवीनतम अध्ययन पिछले 33 वर्षों में कुपोषण के दोनों रूपों और इसके कारण होने वाले संभावित जोखिमों को लेकर अलर्ट करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से लोगों में अधिक वजन की समस्या बढ़ी है, ये क्रोनिक बीमारियों की महामारी का भी संकेतक माना जा सकता है।

## क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

ब्रिटेन में इंपीरियल कॉलेज लंदन के प्रोफेसर और अध्ययन के लेखक माजिद इज्जती कहते हैं, यह बहुत चिंताजनक है कि मोटापे की समस्या जो 1990 में दुनिया के अधिकांश हिस्सों में वयस्कों में ही अधिक देखी जा रही थी, अब स्कूल जाने वाले बच्चों और किशोरों को भी अपना शिकार बना रही है। करोड़ों लोग अभी भी कुपोषण से प्रभावित हैं, खासकर दुनिया के कुछ सबसे गरीब हिस्सों में। कुपोषण के दोनों



रूपों के कारण कई प्रकार के स्वास्थ्य जोखिम हो सकते हैं। अध्ययन में पाया गया है कि 1990 से 2022 तक, वैश्विक मोटापे की दर लड़कियों और लड़कों में चार गुना से अधिक हो गई है, ये वृद्धि लगभग सभी देशों में देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इन दिनों दुनियाभर में जिन बीमारियों के कारण मौत का जोखिम और स्वास्थ्य जटिलताएं सबसे ज्यादा बढ़ती हुई पाई गई हैं, उनमें से अधिकतर के लिए अधिक वजन की समस्या को ही प्रमुख कारण माना जाता है।



# लिवर की हेल्थ सुधारने और स्ट्रांग बनाने में एक्सरसाइज कर सकती है मदद

लिवर, यकृत, जिगर या कलेजा शरीर का सबसे अहम हिस्सा है। प्रोटीन संश्लेषण, पाचन के लिए एंजाइम बनाना, डाइजेशन करना, एनर्जी स्टोर्ड करना, प्रोटीन बनाना और डिटॉक्सीफिकेशन आदि इसके काम हैं। इसलिए इसे ह्यूमन बॉडी का सबसे अहम अंग माना जाता है। यह सबसे बड़ी ग्रंथि है, जो पेट में दाहिनी ओर डायाफ्राम के नीचे होती है। इसका आकार त्रिकोणीय होता है जिसका वदज शरीर के वजन के 50वें हिस्से के बराबर होता है। इसका हेल्दी रहना जरूरी होता है क्योंकि शरीर की अधिकतर बीमारियां पेट से जुड़ी होती हैं। लिवर हेल्थ में एरोबिक एक्सरसाइज विशेष रूप से मदद कर सकती हैं। यही कारण है कि यकृत रोग से पीड़ित रोगियों के लिए योग, किगॉन्ग और ताई ची करने की सिफारिश की जाती है।

आपको कुछ ऐसी होम एक्सरसाइज के बारे में जानना चाहिए, जो लिवर हेल्थ को सही रखने और इसे मजबूत बनाने में मदद कर सकती हैं। ये एक्सरसाइज लिवर हेल्थ पर पॉजिटिव असर डालेंगी। इन एक्सरसाइज को शुरू करने से पहले डॉक्टर के साथ अपनी दिनचर्या और एक्सरसाइज के बारे में डिस्कस जरूर करें।

## ब्रीद के साथ हाथ उठाएं



आर्म रेज, चीगोंग प्रैक्टिस के सबसे आवश्यक एलिमेंट में से एक है, यह पूरे शरीर को डिटॉक्सिफाई और एक्टिव करने के लिए जाना जाता है। चाइनीज मेडिसिन के अनुसार, लिवर हमारे ब्लड को 1 बजे और 3 बजे के बीच फिल्टर करता है। लिवर में स्थिर रक्त को रोकने के लिए एक्सरसाइज करने का सबसे सही समय सुबह ही है।

इसे करने के लिए फर्श पर लेट जाएं और हाथों को बगल में रखें। सांस अंदर खींचते हुए दोनों हाथों को सांस की गति से ऊपर उठाएं और सिर के ऊपर तक लेकर जाएं। अब सांस छोड़ते हुए हाथों को नॉर्मल स्थिति में लाएं। यह एक रेप्स कहलाएगा। जितने संभव हो उतने रेप्स से शुरुआत करें। धीरे-धीरे लगभग 50 रेप्स तक पहुंचें। इसे करने का तरीका देखने के लिए ऊपर दिया गया वीडियो देख सकते हैं।

## सिंपल लिवर सेल्फ-मसाज

मालिश या मसाज के द्वारा लिवर से जमा हुआ ब्लड हटा सकते हैं। इससे रक्त परिसंचरण में सुधार हो सकता है। यह समझने के लिए कि मालिश कहां करनी है, आपको अपने लिवर का पता लगाना सीखना होगा। दांयी तरफ लेटकर, घुटने मोड़कर और थोड़ा आगे की ओर झुककर लिवर पर मसाज की जा सकती है।

आमतौर पर लिवर डायाफ्राम (पसलियों के नीचे) के ठीक नीचे होता है, जो आपके दांयी ओर होता है। यदि लिवर में सूजन होती है तो फेफड़े के नीचे सूजा हुआ दिखता है। इसकी मालिश करने के लिए आपको मसाज टेक्निक की जानकारी होना जरूरी है।



# रमजान के दौरान इफ्तार के लिए ऐसे सजाएं डाइनिंग टेबल



इस वर्ष रमजान 1 मार्च की शाम से शुरू हो गया। 2 मार्च को पहला रोजा रखा गया। रमजान के पाक महीने में लोग अल्लाह की इबादत करते हैं और रोजा रखते हैं। इस दौरान शाम के वक्त रोजा इफ्तार करते हैं। इसके लिए लोग अपने परिवार, दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ एकत्र होकर इफ्तार पार्टी भी करते हैं। इफ्तार के समय परिवार और दोस्तों के साथ बैठकर रोज़ा खोलने का अलग ही आनंद होता है।

इफ्तार पार्टी सिर्फ खाने-पीने का ही नहीं, बल्कि साथ बैठकर एक यादगार शाम बिताने का भी मौका होता है। अगर आप घर पर इफ्तार पार्टी का आयोजन कर रहे हैं, तो डाइनिंग टेबल की खूबसूरत सजावट से माहौल और भी खास बनाया जा सकता है। थोड़ी क्रिएटिविटी और प्लानिंग से आपकी इफ्तार पार्टी यादगार बन जाएगी। यहां इफ्तार के लिए डाइनिंग टेबल को खूबसूरती से सजाने के तरीके बताए जा रहे हैं।

## थीम के मुताबिक सजावट

इफ्तार पार्टी के लिए एक थीम तय करें। एथनिक और मिनिमल थीम अपना सकते हैं। अरबी स्टाइल लुक के लिए गोल्डन और ब्लू थीम, इस्लामिक रंगों हरे और सफेद से प्रेरित थीम और ताजगी व शांति का एहसास कराने के लिए फ्लोरल डेकोरेशन थीम का चयन कर सकते हैं।

## रोशनी और सेंटरपीस

डाइनिंग टेबर के मध्य में एक खूबसूरत लैंप या मोमबत्ती स्टैंड रख सकते हैं, ये टेबर को रॉयल रुक देगी। चाहें तो अरबी स्टाइल लटर्न या दीवारों और मेज के चारों ओर फेयरी लाइट्स लगा सकते हैं।

## खास सर्विंग सेट

खजूर, ड्राई फ्रूट्स और शरबत परोसने के लिए सजावटी कटोरी या ट्रे का उपयोग करें। खाने की मेज परर अरबी या पांपरिक ट्रेडिशनल डिजाइन वाले प्लेट्स और गिलास रखें।

## खाने की सजावट

खजूर और फ्रूट चाट को क्रिएटिव अंदाज में सजा सकते हैं। शरबत और जूस के लिए स्टाइलिश ग्लास का इस्तेमाल करें। इसके अलावा सजी हुई मिठाइयों और स्नैक्स को 3 लेयर स्टैंड पर रखें।

# बचा हुआ टूथपेस्ट है काम का किचन में ऐसे कीजिए इस्तेमाल




टूथपेस्ट तो हर किसी के घरों में होता है, इसका उपयोग न सिर्फ दांतों को चमकाने के लिए कर सकते हैं, बल्कि यह हमारे रसोई की सफाई में बहुत काम आ सकता है।

## मिक्सी की सफाई करें

टूथपेस्ट की मदद से आप मिक्सी की गंदगी और खोई हुई शाइन को वापस पा सकते हैं। मिक्सर में अक्सर तेल, मसाले या पिसा हुआ घोल गिर जाता है, जिसे साधारण डिशबार से नहीं चमकाया जा सकता है। ऐसे में आप स्क्रबर में टूथ पेस्ट लगाएं और मिक्सी में लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। बाद में गीले कपड़े से साफ कर मिक्सी को नया जैसा चमका लें।

## पुराने बर्तनों को चमकाएं

पुराने स्टील के चम्मच और चाकू को भी आप टूथपेस्ट की मदद से साफ कर सकते हैं। एक बर्तन में 2-3 चम्मच पेस्ट डालें और चाकू, छूरी एवं चम्मच को पानी में डालकर उबाल लें। कुछ देर बाद पानी से निकलकर डिशवॉश से साफ कर लें।

## सिंक की गंदगी को साफ करें

सिंक में अक्सर गंदगी जम जाती है, साथ ही स्टील के सिंक की चमक भी खोने लगती है। ऐसे में स्क्रबर में टूथपेस्ट लेकर सिंक में रगड़कर साफ कर लें। सिंक में जमी हुई गंदगी और दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

चाय या कॉफी परोसने के बाद कई बार कप में दाग रह जाते हैं, जिसे साफ करने के लिए आप टूथपेस्ट का उपयोग करें।

कार्नर न्यूज

शरीर में विटामिन की कमी होने पर घेर सकती हैं कई तरह की परेशानियां

# महिलाओं को इन वजहों से जरूर करवाने चाहिए विटामिन्स टेस्ट, सेहत को लेकर रहें जागरूक

महिलाएं घर-परिवार की धुरी होती है। इतना ही नहीं, आज के वक्त में महिलाएं प्रोफेशनल लाइफ में भी किसी से पीछे नहीं हैं और हर फील्ड में अपना परचम लहरा रही हैं। घर में माता-पिता की देखभाल करना हो, पति और बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखना हो या फिर अपने करियर गोल्स को हासिल करना हो, महिलाएं बखूबी ये सारे काम करती हैं। लेकिन इस सब में कहीं न कहीं अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देती हैं। महिलाओं के शरीर में अक्सर जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स की कमी देखने को मिलती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि महिलाएं अपने खान-पान और सेहत से जुड़े संकेतों पर ध्यान नहीं देती हैं। शरीर में जरूरी विटामिन्स की कमी होने पर कई लक्षण नजर आने लगते हैं, जिन पर अगर समय पर ध्यान नहीं दिया जाए, तो आगे चलकर बड़ी मुश्किल खड़ी हो सकती है। समय-समय पर जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स की जांच बहुत जरूरी है। शरीर में इनकी कमी होने पर कई तरह की परेशानियां घेर सकती हैं। महिलाओं को क्यों विटामिन्स टेस्ट करवाने चाहिए, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं



## विटामिन की कमी का चलता है पता

विटामिन टेस्टिंग से सही समय पर शरीर में मौजूद विटामिन्स की कमी का पता चल पाता है। विटामिन डी, बी12 और सी की कमी इम्यूनिटी पर असर डाल सकती है और इससे कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। इसलिए, अगर इनका सही समय पर पता चल जाएं तो इसे मैनेज किया जा सकता है।

## न्यूट्रिशन्स पर दे सकती हैं ध्यान

शरीर में किस विटामिन की कमी है, ये पता चलने पर आप उसे बढ़ाने के लिए डाइट पर ध्यान दे सकती हैं। मसलन, अगर आपके शरीर में विटामिन बी 12 की कमी है, तो इसे दूर करने के लिए आप विटामिन बी 12 रिच फूड्स को डाइट में शामिल करें। शरीर में विटामिन्स के लेवल कम आने पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

## बीमारियों से होता है बचाव

शरीर में विटामिन्स की कमी कई घातक बीमारियों का कारण भी बन सकती है। दिल की बीमारियां, मेंटल हेल्थ और डाइजेशन समेत कई चीजें, विटामिन्स की कमी से प्रभावित होती हैं। अगर लंबे समय तक आप विटामिन्स की जांच नहीं करवाएंगी तो आप किसी बड़ी बीमारी का शिकार भी हो सकती हैं। शरीर में विटामिन्स, मिनरल्स और हार्मोन्स का लेवल सही होना सेहतमंद रहने के लिए बहुत जरूरी है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ‘रेड हल्क’की भूमिका निभाने पर हैरिसन बोले- ये मेरे लिए बोनस



‘कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड’ में रेड हल्क की भूमिका निभाने वाले अभिनेता हैरिसन फोर्ड ने एक बातचीत में अपने किरदार को लेकर बात की। वह इस किरदार को खुद के लिए एक बोनस की तरह देखते हैं।‘कैप्टन अमेरिकाः ब्रेव न्यू वर्ल्ड’ के जरिए एमसीयू की दुनिया में एक और दिग्गज अभिनेता की एंट्री हो रही है। यह अभिनेता हैं ‘हैरिसन फोर्ड। फोर्ड ने हॉलीवुड के वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान डेडलाइन से अपनी भूमिका के बारे में बात की। वह फिल्म में राष्ट्रपति थैडियस रॉस उर्फ ‘रेड हल्क’की भूमिका निभा रहे हैं।

फोर्ड ने अपने किरदार को लेकर कहा कि यह एक ऐसा किरदार है, जो एक शानदार अभिनेता के काम पर आधारित है। उन्होंने कहा, “जहां तक मेरा सवाल है, यह मेरे लिए एक बोनस है।” फोर्ड ने आगे कहा, “ मार्वल यूनिवर्स के नियमों के तहत किसी तरह एक अभिनेता का दूसरे अभिनेता की जगह लेना ठीक है। मुझे यह अवसर पाकर खुशी हुई। मैं हमेशा से मार्वल की फिल्म करना चाहता था। मैं इन मनोरंजनों के आनंद का हिस्सा बनना चाहता था।१‘द इनक्रेडिबल हल्क’ में हर्ट ने ब्रूस बैनर के दुश्मन जनरल थैडियस 'थंडरबोल्ट' रॉस की भूमिका निभाई, जो ब्रूस की वैज्ञानिक प्रेमिका बेट्टी रॉस (लिव टायलर) के पिता भी हैं। हैरिसन फोर्ड ‘ब्रेव न्यू वर्ल्ड’ में रेड हल्क की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में रॉस को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले 100 दिनों में कैप्टन अमेरिका (एंथनी मैकी) के साथ मिलकर काम करते हुए देखा गया, साथ ही अपनी बेटी के साथ सुलह करने और उसे यह दिखाने का प्रयास भी किया कि वह बदल गए हैं।

### टॉलीवुड

## 'गुड बैड अग्ली' का दमदार टीजर जारी कई किरदार में एक्शन करते दिखे अजित




साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वहीं, फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। फैंस को फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार था, जो अब खत्म हो गया। आज आखिरकार फिल्म के निर्माताओं ने 'गुड बैड अग्ली' का टीजर जारी कर दिया है। वहीं, टीजर रिलीज के साथ ही फिल्म का प्रचार भी शुरू हो चुका है। टीजर में अजित का दमदार लुक देखने को मिला।

28 फरवरी को रिलीज हुए 'गुड बैड अग्ली' के टीजर में अभिनेता अजित कुमार के कई अवतार देखने को मिले हैं। हालांकि, मुख्य तौर पर फिल्म में उनके तीन किरदार नजर आएंगे, लेकिन टीजर में वे कई अवतार में नजर आए। अपने सभी लुक में अजित दमदार एक्शन सीन्स करते दिखे। अजीत को कई गेटअप में दिखाया गया है और वह अपने स्वैग, स्टाइल और शानदार डायलॉग डिलीवरी के साथ दर्शकों की उम्मीदों पर भी खरे उतर रहे हैं।

टीजर में अजित कहते हैं कि दुनिया कुछ स्थितियों में अच्छे लोगों को भी बुरा बना सकती है। इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया था। दरअसल, यह फिल्म को पहले पोंगल 2025 के मौके पर रिलीज किया जाना था, क्योंकि अजित की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म 'विदामुयार्ची' की रिलीज को रास्ता दिया गया था, लेकिन अंतिम समय में 'विदामुयार्ची' की रिलीज को भी आगे खिसका दिया गया था। ऐसे रिलीज हो चुकी है। वहीं, फिल्म 'गुड बैड अग्ली' 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। अजित के तीन किरदार फिल्म के नाम 'गुड बैड अग्ली' को दिखाएंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि अजित एक नकारात्मक किरदार भी निभा सकते हैं।

### भोजपुरी

## 'सास बहू की महाभारत' का ट्रेलर रिलीज छोटे बेटे की शादी बन गई आग में घी



भोजपुरी सिनेमा में सामाजिक मुद्दों को मनोरंजन के साथ प्रस्तुत करने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, वर्ल्ड वाइड प्रोडक्शन के बैनर तले बनी 'सास बहू की महाभारत' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म निर्माता प्रदीप सिंह और प्रतिक सिंह की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है, जिसमें पारिवारिक रिश्तों की जटिलताओं को मनोरंजक ढंग से दर्शाने की कोशिश की गई है। 'सास बहू की महाभारत' का ट्रेलर यह संकेत देता है कि यह फिल्म सिर्फ सास-बहू के झगड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पारिवारिक मूल्यों, भावनात्मक रिश्तों और महिलाओं के संघर्ष को भी खूबसूरती से उकेरा गया है। फिल्म में हास्य और रोमांच का बेहतरीन मिश्रण दिखाया गया है, जो इसे आम भोजपुरी फिल्मों से अलग बनाता है।

निर्माता प्रदीप सिंह ने बताया कि हमने इस फिल्म को पूरी मेहनत और लगन से बनाया है ताकि यह दर्शकों को सिर्फ एंटरटेन ही नहीं करे, बल्कि एक मजबूत संदेश भी दे। फिल्म में पारिवारिक संबंधों को गहराई से दिखाया गया है, जो लोगों को सोचने पर मजबूर करेगा। हमें उम्मीद है कि दर्शक इसे बड़े उत्साह के साथ स्वीकार करेंगे और इसे अपना प्यार देंगे।

फिल्म का 3 मिनट 42 सेकंड का ट्रेलर भोजपुरी सिनेमा के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया गया।



लाइफ स्टाइल

स्प्रिंग का जादू

पेरिस में हाउते कॉउचर शो बेहतरीन शिल्प कौशल और कलात्मकता पर ध्यान केंद्रित करता हैं और इसका हिस्सा बनने के लिए सख्त मानदंड तय है। सीधे शब्दों में कहें तो यह उत्कृष्टता का प्रदर्शन है। बेशक, स्प्रिंग 2025 कॉउचर प्रस्तुतियों ने निराश नहीं किया है। वैलेंटिनो में एलेसेंड्रो मिशेल के हाई ऑक्टेन कॉउचर डेब्यू तक डायर में रोमांस की भरमार और शिआपरेली में शिल्प कौशल के लुभावने शो के साथ इसकी मज़बूत शुरुआत हुई।

## बाजार में मिलती हैं कई तरह की लिपस्टिक खरीदने से पहले जरूर जानें, इनकी खासियत

अगर महिलाओं के सबसे प्रिय मेकअप की बात करें तो उसमें लिपस्टिक सबसे ऊपर ही आती है। लिपस्टिक के भी कई प्रकार होते हैं, जिनके बारे में जानना हर किसी के लिए बेहद जरूरी होता है। जिससे आप जब लिपस्टिक खरीदने जाएं तो आपको इसके बारे में सही से पता हो और आप अपने लिए सही लिपस्टिक का चुनाव कर सकें।

### क्रेयॉन लिपस्टिक

आजकल की लड़कियों को क्रेयॉन लिपस्टिक बेहद पसंद आती है। ये देखने में बिल्कुल ऐसी होती है, जैसे कि हम बचपन में रंग भरने के लिए क्रेयॉन का इस्तेमाल करते हैं। इसकी सबसे खास बात ये है कि ये लंबे समय तक होंठों को नमी देती है। इसके इस्तेमाल से होंठ सूखते नहीं हैं।

### पैंसिल लिपस्टिक

ये देखने में बिल्कुल पैंसिल के जैसी ही होती है। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले



पैंसिल लिपस्टिक की मदद से होंठों की लाइन बनाएं, इसके बाद आप चाहें तो इसी पेंसिल के इस्तेमाल से लिपस्टिक लगा सकती हैं।

### मैट लिपस्टिक

अगर आपको ऐसी लिपस्टिक पसंद आती हैं, जो लंबे समय तक टिकी रहे तो मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल जरूर करें। इसके इस्तेमाल से पहले होंठों पर लिप बाम जरूर लगाएं। अगर आप लिप बाम का इस्तेमाल नहीं करेंगी, तो होंठ सूखने लगेंगे।

### क्रीम लिपस्टिक

ये बिल्कुल मैट लिपस्टिक की तरह ही होती है। बस फर्क इतना होता है कि, क्रीम लिपस्टिक को आप बिना लिप बाम लगाए लगा सकते हैं। इसका क्रीमी टेक्सचर आपको खूबसूरत लुक देने का काम करता है।

**ग्लॉसी लिपस्टिक-** बहुत सी लड़कियों को ग्लॉसी लिपस्टिक काफी पसंद आती है। ऐसे में आपके कलेक्शन में भी एक ग्लॉसी लिपस्टिक होनी ही चाहिए।

### लिप टिंट

आजकल लड़कियों को लिपस्टिक की बजाए लिप टिंट काफी पसंद आते हैं। इसे कैरी करना आसान होता है। इसके साथ ही इसे लगाना भी काफी आसान होता है।

## साड़ी का बॉर्डर निकालकर दोबारा करें इस्तेमाल, लोग तारीफ करते नहीं थकेंगे



बदलते फैशन के दौर में साड़ी एक ऐसा परिधान है, जो कभी आउटडेटेट नहीं होती। कई बार ऐसा होता है कि महिलाएं एक ही साड़ी पहनते-पहनते बोर हो जाती हैं। ऐसे में हम आपको साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करना जरूर आना चाहिए।

आपको बताएंगे, कि कैसे आप अपनी प्रिय साड़ी के बॉर्डर का इस्तेमाल कई तरह से कर सकती हैं। इससे आपके पास एक खूबसूरत सा आउटफिट भी तैयार हो जाएगा, साथ ही में आपकी फेवरेट साड़ी आपके पास ही रहेगी। साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं हैं।

### ब्लाउज में लगवाएं बॉर्डर



अगर आपके पास हैवी जरदोजी के वर्क वाली साड़ी है तो आप इसका बॉर्डर निकलवाकर अपने ब्लाउज में लगवा सकती हैं। बॉर्डर का इस्तेमाल ब्लाउज की स्लीव्स में किया जा सकता है। इसके साथ ही आप चाहें तो बैक डिजाइन में भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### प्लेन साड़ी में लगाएं बॉर्डर

अगर आपके पास कोई प्लेन साड़ी है, जिसे आप खास बनाना चाहती हैं, तो पुरानी साड़ी के बॉर्डर को आप इस प्लेन साड़ी में लगा सकती हैं। इससे आपके साड़ी का लुक काफी बदल जाएगा।

### साड़ी के बॉर्डर को दोबारा कैसे इस्तेमाल करें ?

अपने प्लेन सूट का लुक बदलने के लिए आप साड़ी के बॉर्डर का इस्तेमाल कर सकती हैं। साड़ी के बॉर्डर को आप स्लीव्स, नेक और बैक में लगवा सकती हैं।

### दुपट्टे पर लगवाएं

साड़ी के इस बॉर्डर को आप अपने प्लेन या प्रिंटेड दुपट्टे के साथ कैरी कर सकती हैं। इससे आपके दुपट्टे का लुक एकदम से बदल जाएगा।

## मेंस फैशन में स्किन केयर से जुड़ी ऐसी गलतियां अक्सर करते हैं लोग

क्या आप भी शेविंग क्रीम की जगह फोम का प्रयोग करते हैं? या फिर बॉडी और फेस के लिए आप भी एक ही साबुन का इस्तेमाल करते हैं? अगर हां तो जरा सावधानी बरतिए। जाने अनजाने में हम ऐसी गलतियां करते हैं और हमें एहसास भी नहीं होता कि हम अपनी स्किन को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं।

### हर काम के लिए एक साबुन

चेहरे की त्वचा सबसे संवेदनशील होती है और इसकी देखभाल की कुछ अनूठी जरूरतें होती हैं। अपने शरीर और चेहरे को एक ही साबुन से धोना अच्छा विचार नहीं है। ऑर्गेनिक इंग्रीडिएंट्स वाले फेस वॉश का उपयोग पुरुषों के लिए बेस्ट है। एक्टिवेटेड चारकोल युक्त फेस वॉश एक अच्छा विकल्प है। यह कैमिकल्स के बिना बैक्टीरिया और गंदगी को हटाता है, जो आपकी त्वचा को लंबे समय तक नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए अपने पुराने साबुन को आज ही हटा दें और इसके बजाय नैचुरल सोप या बॉडी वॉश का उपयोग करें।

फोमिंग शेविंग क्रीम आपकी त्वचा के लिए अच्छी नहीं है। यह आपकी त्वचा की रक्षा करने



और आपके रेजर को चिकनाई देने में नाकाम रहता है। हवा के बुलबुले जिन्हें आप फोम कहते हैं, आपके चेहरे को जलन से बचाने के कुछ नहीं करते हैं। इसके बजाय पुरुषों के लिए लोशन आधारित नो-फोम शेव क्रीम बेहतर है।

### दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल

पुरुषों के लिए दिन में दो बार फेस वॉश का इस्तेमाल करना जरूरी है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पुरुषों के लिए फेस मॉइस्चराइज़र उतना महत्वपूर्ण नहीं है। ज्यादातर पुरुषों को हर बार अपना चेहरा धोते समय मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना चाहिए।

## अट्रैक्टिव लुक के लिए ऑफिस में पहनें ऐसे फुटवियर, मिलेगी तारीफ

ऑफिस गोइंग वीमेन कई बार इस समस्या में उलझ जाती है कि ऑफिस में वो किस तरह के फुटवियर पहनें जो अट्रैक्टिव लुक दें और साथ ही कंफर्टेबल भी हो। इसी के साथ महिलाएं इस बात को लेकर भी कन्फ्यूज्ड रहती हैं कि कौन-से आउटफिट के साथ कौन-से फुटवियर पहने और इस वजह से कई बार वो गलत फुटवियर को चुनाव भी कर लेती हैं लेकिन इस आर्टिकल के जरिए उनकी सारी कन्फ्यूजन खत्म हो जाएगी।

### फ्लैट सैंडल

अगर आपकी हाइट अच्छी है तो आप ऑफिस में फ्लैट सैंडल पहन सकती हैं। फ्लैट सैंडल जहां कंफर्टेबल हैं तो वहीं फ्लैट सैंडल को पेंट या लेगिंग्स के साथ भी पहन सकते हैं। ये फ्लैट सैंडल ऑफिस के परफेक्ट फुटवियर है। फ्लैट सैंडल के कई सारे ऑप्शन आपको बाजार और ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मिल जायेंगे। यहां से आप फ्लैट सैंडल के कई सारे डिजाइन में खरीद सकती हैं। जो आपको 500 से 1000 की कीमत में मिल जाएंगे।

### स्नीकर्स



ऑफिस में पहनने के लिए स्नीकर्स भी बढ़िया ऑप्शन है। अगर आप वेस्टर्न ड्रेस या जीन्स पहनकर ऑफिस जा रही है तो इस ऑउटफिट के साथ स्नीकर्स पहन सकती हैं। इसी के साथ लॉन्ग शर्ट, लॉन्ग टॉप साथ ही टॉप के साथ भी स्नीकर्स पहन सकती हैं। स्नीकर्स में जहाँ इन दोनों वाइट रंग बड़ा ही ट्रेंड इ हैं जिसे खूब पसंद किया जाता है तो वहीं स्नीकर्स के कई सारे ऑप्शन भी आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जायेंगे। यहां से आप इन्हें सस्ते दामों में कई सारे डिजाइन में खरीद सकती हैं। जो आपको 300 से 700 के बीच खरीद सकते हैं।

कार्नर न्यूज

### गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए ऐसी शर्ट, लोग कहेंगे वाह

## सूरज का पारा चढ़ रहा, ऐसे में स्टाइलिश हाफ स्लीव शर्ट खूब जंचेगी आप पर

हाफ स्लीव्स शर्ट गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। लॉकडाउन फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की शॉपिंग करने से बात नहीं बनने वाली। अधिकतर उम्रदराज पुरुषों को हमने इस तरह की शर्ट्स में देखा है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं।



### ट्राइब प्रिंटेड शर्ट

अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

### बैंड कॉलर शर्ट

शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।

### हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट

वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

### मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट

मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

### क्यूबन कॉलर शर्ट

क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

### लीफ प्रिंट शर्ट

फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।

### स्ट्राइप्ड शर्ट

स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।

